आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 17 अंक 29 -● जबलपुर ● मंगलवार, 28 फरवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## वलसाड में पेट्रो केमिकल कंपनी में धमाके से दो की मौत

**वलसाड, ईएमएस।** गुजरात के वलसाड में सरिगम GIDC में वैन पेट्रो केमिकल कंपनी में हुए धमाके में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि दो घायल हैं। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो सकी है। वलसाड के SP विजय सिंह गुर्जर के मुताबिक, धमाके की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। घटना सोमवार रात करीब 11 बजे की है। रात होने की वजह से बचाव अभियान रोक दिया गया था। मंगलवार सुबह फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया जाएगा।

## शिक्षा में सुधार से रोजगार का होगा सृजन

बजट से किसको क्या है उम्मीद, यश भारत का खास कार्यक्रम - बजट फीवर 2023




■ जबलपुर, यशभारत।

1 मार्च को प्रदेश सरकार अपना आखिरी पूर्ण बजट प्रस्तुत करने जा रही है। जिसको लेकर यश भारत द्वारा एक खास सीरीज शुरू की गई है। जिसके पहले एपिसोड में आपने उद्योग व व्यापार क्षेत्र की आकांक्षाओं व सुझावों को जाना। अब इसके दूसरे एपिसोड में यश भारत द्वारा शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों से चर्चा की और बजट को लेकर उनकी क्या अपेक्षाएं हैं वह प्रदेश की शिक्षा व स्वास्थ्य नीति क्या परिवर्तन चाहते हैं उसको लेकर बात की। जिसे आप यश भारत न्यूज़ चैनल व यश भारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तार से देख सकते हैं। चर्चा में ग्लोबल कॉलेज व बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के डायरेक्टर सौरव बड़ेरिया व स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर पर्व जयसवाल मौजूद रहे। जिन्होंने प्राइमरी शिक्षा हायर एजुकेशन व हेल्थ को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखें। चर्चा की शुरुआत पर्व जायसवाल के साथ यश भारत संचालक आशीष शुक्ला द्वारा की गई जिसमें उन्होंने स्कूल शिक्षा को लेकर एक सारगर्भित बात कही। कार्यक्रम के दूसरे हिस्से में सौरव बड़ेरिया के साथ हायर एजुकेशन और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गहन मंथन किया गया।







## » न्यूज गैलरी

### 8 दोषियों को आज सुनाई जाएगी सजा लखनऊ की NIA कोर्ट में अहम सुनवाई

■ भोपाल, यशभारत।

लखनऊ की एनआईए कोर्ट ने भोपाल-उज्जैन पैसेंजर ट्रेन ब्लास्ट मामले में सभी 8 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा का ऐलान आज किया जाएगा। यह मामला 7 मार्च 2017 का है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल और उज्जैन रेलवे स्टेशन के बीच चलने वाली पैसेंजर ट्रेन पर हमला किया गया था। राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में यह आतंकी हमला पाया गया था। आईएसआईएस से संबंध रखने वाले आतंकियों ने इस हमले को अंजाम दिया था।



बाद में इन्हीं आतंकियों ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव में रेलवे ट्रैक पर बम रखकर उड़ाने की साजिश रची थी। मोहम्मद फैसल, गौस मोहम्मद खान, मोहम्मद अजहर, आतिफ मुजफ्फर, मोहम्मद दानिश, सैयद मीर हसन, आसिफ इकबाल उर्फ रॉकी और मोहम्मद आतिफ। इससे पहले सोमवार को हुई सुनवाई में NIA कोर्ट ने दोषी ठहराया। सभी आतंकी लखनऊ जिला जेल, गोसाईगंज में कैद है। मामले में सैफुल्लाह के खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल हुआ था, लेकिन वह दुबग्गा के हाजी कालोनी में एक मुठभेड़ में मारा गया था। 31 अगस्त, 2017 को अभियुक्तों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के साथ ही एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत भी आरोप पत्र दाखिल हुआ था।पड़ताल के दौरान एटीएस को सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन आईएसआईएस के आतंकी देश में कई स्थानों पर बम ब्लास्ट की योजना बना रहे हैं। एटीएस कानपुर ने आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के शक पर मो. फैसल को गिरफ्तार किया। फिर इसकी निशानदेही पर अन्य आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था।

### गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे मनीष सिसोदिया, CBI ने शुरू की पूछताछ

**नई दिल्ली, यशभारत।** दिल्ली शराब घोटाले में गिरफ्तार डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को पांच दिन की रिमांड पर भेज दिया गया है। ताजा खबर यह है कि सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ मनीष सिसोदिया ने मंगलवार सुबह सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी के जरिए याचिका दायर कर गिरफ्तारी को चुनौती दी गई। जल्द स्पष्ट होगा कि सर्वोच्च अदालत याचिका पर सुनवाई करती है या नहीं, और करती है तो कब। वहीं सीबीआई ने पूछताछ शुरू कर दी है। पूछे जाने वाले सवालों की लंबी फहरिस्त बनाई गई है। इस बीच, सीबीआई के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में बड़ा दावा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, रिमांड ऑर्डर में सीबीआई ने बताया है कि दिल्ली शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया की सक्रिय भूमिका रही है।

### डांस करते-करते गिरा युवक, हार्टअटैक से मौत

**नांदेड़, एजेंसी।** तेलंगाना के नांदेड़ में डांस करते-करते एक युवक की अचानक मौत हो गई। घटना पिछले शनिवार (25 फरवरी) की है, जहां शादी में डांस कर रहे एक 19 साल के युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। महाराष्ट्र का रहने वाला मुट्यम हैदराबाद से करीब 200 किलोमीटर दूर निर्मल जिले के पारडी गांव में अपने रिश्तेदार के यहां शादी में आया था। घटना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि युवक अपने पसंदीदा तेलुगु गाने पर डांस कर रहा है। 40 सेकंड के वीडियो में कुछ समय बाद दिखता है कि वह डांस करते-करते अचानक से जमीन पर गिर पड़ा।

# कल आएगा मध्यप्रदेश का बजट



■ भोपाल, यशभारत।

मध्यप्रदेश का बजट 1 मार्च को आएगा। पहली बार विधानसभा में बजट डिजिटली यानी पेपरलेस पेश किया जाना है। इसके लिए विधानसभा सचिवालय की ओर से सभी 230 विधायकों को टैबलेट दिए जाएंगे। मीडिया को भी सॉफ्ट कॉपी मुहैया कराने के लिए पेनड्राइव दी जाएगी। डिजिटल बजट पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह कह चुके हैं कि वे इसका विरोध करेंगे, जबकि उनकी पार्टी के ही कुछ विधायक इसे नवाचर बता रहे हैं। यानी पेपरलेस बजट पर कांग्रेस में सहमति नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा- पहली बार डिजिटल बजट आ रहा है। ये अपने आप में एक बड़ा नवाचार है। नए विज्ञान से जुड़कर हम ज्यादा और आसानी से जानकारी ले सकते हैं।

## डिजिटल बजट पर कांग्रेस विधायक एकमत नहीं

### कांग्रेस विधायकों के बयान...

नेता प्रतिपक्ष बोले, ये तानाशाही तरीका, सिंह ने कहा- स्वागत योग्यडिजिटल बजट पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- मैं विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध करूंगा कि मप्र में एसटी, एससी, महिला, पिछड़े वर्ग के अधिकांश लोग हैं, इनको पूरी तरह से डिजिटल की जानकारी नहीं है। तानाशाही तरीके से जबरदस्ती बजट के लिखित पेपर न देकर डिजिटल बजट देने का मैं विरोध करूंगा। नेता प्रतिपक्ष के बयान पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा (सोनकच्छ विधायक) ने कहा, ऐसा नहीं है कि एससी, एसटी के विधायक नहीं जानते। मैं इसे थोड़ा गलत मानता हूं। एससी, एसटी के सारे पढ़े-लिखे विधायक हैं। हमारे नेता प्रतिपक्ष के कहने का आशय है कि दोनों तरह की व्यवस्था रखनी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष के शब्दों को गलत न मानकर, उसे सही तरीके से समझें।नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा और विदिशा विधायक शशांक भार्गव।

### ईवीएम जैसी कुछ कारगुजारी की होगी...

शशांक भार्गव (विदिशा विधायक) ने कहा, पहले सरकार बजट ले आए, फिर देखेंगे। इसमें भी कुछ कारगुजारी की होगी, जैसे ईवीएम में की है। बैजनाथ कुशवाह (सबलगढ़ विधायक) बोले, 80 प्रतिशत लोग डिजिटल के बारे में जानते ही नहीं हैं। कई तो शुद्ध हिंदी भी नहीं जानते। मैं तो अंग्रेजी पढ़ा हूं। वकील हूं। समझ सकता हूं। गोपाल सिंह चौहान (चंदेरी विधायक) ने कहा, ये पार्टी और बड़े नेताओं का निर्णय है, वे इस बारे में बात करेंगे। बाला बच्चन (राजपुर विधायक) ने कहा, जो सरकार का सिस्टम है, उसे हम फेस करेंगे। सबलगढ़ विधायक बैजनाथ कुशवाहा, चंदेरी विधायक गोपाल सिंह चौहान और राजपुर विधायक बाला बच्चन।

### अच्छी पहल, नवाचार होना चाहिए...

प्रियव्रत सिंह (खिलचीपुर विधायक) ने इसे अच्छी पहल बताया। कहा, सरकार डिजिटल बजट लेकर आ रही है। नवाचार होना चाहिए। लेकिन, सबसे अच्छा नवाचार ये होगा कि हमारे मुख्यमंत्री एक ऐसी टैबलेट लें, जिससे जुमलेबाजी बंद हो सके। केपी सिंह (पिछोर विधायक) ने कहा, नए जमाने के हिसाब से जो भी प्रोग्रेस हो रही है, स्वागत योग्य है। हम जैसे जो पुराने विधायक हैं, उनको सीखने के लिए ट्राई करना चाहिए। तरुण भनोत (जबलपुर पश्चिम विधायक) ने कहा, हम ये देखना चाहते हैं कि बजट के माध्यम से कौन सा शक्तिवर्धक टैबलेट मप्र की जनता को मिलने वाला है।

### गृहमंत्री बोले- जैसा नेता प्रतिपक्ष कहेंगे, वैसा करेंगे

गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा, डिजिटल बजट लाना अच्छी बात है। नेता प्रतिपक्ष के बयान पर बोले- जो नई तकनीक से नहीं जुड़े, उन्हें जोड़ेंगे। जैसा डॉक्टर साहब (नेता प्रतिपक्ष) कहेंगे, वैसा करेंगे। प्रद्युम्न सिंह तोमर (ऊर्जा मंत्री) ने कहा, नई तकनीक के साथ और विकास के साथ जुड़ना चाहिए। भूपेंद्र सिंह (नगरीय प्रशासन मंत्री) ने कहा- ओडिशा समेत देश की कई विधानसभाओं में ई-बजट आ रहा है। हमारे सारे विधायकों को एक आईपैड में सारी जानकारी मिल जाएगी। पहले हम विधायकों को मिलने वाली बजट की पेपर कॉपी इतनी ज्यादा भारी होती थी कि एक व्यक्ति उठा नहीं पाता था।

## इंदौर से आतकी सरफराज मेमन हिरासत में, एनआइए ने जारी किया देश में बड़े हमले का अलर्ट




■ इंदौर, ईएमएस।

इंदौर से सरफराज मेमन को पकड़ा गया है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि वह विदेशों से ट्रेनिंग लेकर आया है। इसके साथ एनआइए ने देश में बड़े हमले का अलर्ट भी जारी किया था। पुलिस रविवार देर रात उसे तलाशने उसके घर और दुकान पर पहुंची लेकिन वह नहीं मिला। इसके बाद पुलिस उसके माता पिता को पूछताछ के लिए पुलिस स्टेशन लाई। माता पिता के थाने आने के बाद उसने पुलिस को फोन कर खुद थाने आने की बात कही। देर रात पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। पुलिस को अभी उसकी बहुत सारी बातों पर संदेह है। उसके पासपोर्ट में 15 बार चीन और हांगकांग जाने की एंट्री है। उसका कहना है कि वह बिजनेस के सिलसिले में वहां जाता था। वहां से सस्ते मोबाइल खरीदकर देश में महंगे दामों में बेचने का उसका काम था। वह लंबे समय तक वहां पर रहा है। एनआइए की रिपोर्ट के बाद में इंटेलिजेंस और पुलिस ने रविवार रात चंदननगर से सरफराज को हिरासत में लिया। रिपोर्ट में बताया है कि वह 12 साल तक हांगकांग में रहा है। यह भी कहा गया है कि पाकिस्तान और चीन से आतंकी ट्रेनिंग लेकर आया है। भारत में बड़ा हमला करने की फिराक में है। अब मुंबई का आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) सरफराज से पूछताछ करेगा। वह 2007 के आसपास इंदौर के खजराना में भी रहा था। मकान बेचने के बाद ग्रीन पार्क कालोनी में आ गया था। पुलिस के पास वर्ष 2016 से पहले का उसके पासपोर्ट का रिकार्ड नहीं है। उसकी कुछ बातों पर अभी भी संदेह है। बैंक खातों और फोन नबंरों की जांच चल रही है। एनआइए ने गुप्त इनपुट मुंबई पुलिस को मेमन के बारे में सूचना दी थी। एनआइए को जानकारी मिली थी कि वह मुंबई का रहने वाला है। मुंबई एटीएस हरकत में आई और इंदौर के इंटेलिजेंस डीसीपी रजत सकलेचा को बताया कि सरफराज मूलत-ग्रीन पार्क कालोनी (चंदननगर) स्थित फातमा अपार्टमेंट का रहने वाला है। चंदननगर थाना पुलिस पहुंची तो पहले उसके माता-पिता को हिरासत में लिया। देर रात वह स्वयं थाने पहुंच गया। डीसीपी जोन-4 आरके सिंह और एडिशनल डीसीपी जोन-4 अभिनव विश्वकर्मा ने सरफराज से पूछताछ की। उसने प्रारंभिक पूछताछ में हांगकांग में रहना स्वीकार किया। उसके पासपोर्ट में 15 बार चीन और हांगकांग जाने की एंट्री दर्ज है। पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्रा ने बताया कि एनआइए की सूचना के बाद पुलिस ने संदेही सरफराज को हिरासत में लिया है। पुलिस और इंटेलिजेंस की टीम उससे पूछताछ कर रही है।एडिशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा के अनुसार, सरफराज ने बताया कि उसकी खजराना में दवा की दुकान है, लेकिन कुछ दिनों से बंद है। उसने हांगकांग में रहना कुबूला है। उसके कथनों की जांच की जा रही है। मंगलवार को मुंबई एटीएस भी पूछताछ करने इंदौर आएगी।

## भारत में बढ़ रहा भूकंप का खतरा?

### पूर्वोत्तर में पांच घंटे के अंदर दो बार कांपी धरती

■ तुरा, एजेंसी।

पूर्वोत्तर में मंगलवार अल-सुबह महज पांच घंटे के अंदर दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। जहां पहला झटका मणिपुर के आसपास महसूस हुआ, वहीं दूसरे झटके ने मेघालय के तुरा की जमीन को हिला दिया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, पूर्वोत्तर में पहला झटका मणिपुर के नोनी जिले में महसूस किया गया। यहां भूकंप की तीव्रता 3.2 रही और इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूकंप अल-सुबह 2.46 बजे आया और इसका केंद्र जमीन से 25 किमी नीचे था। मेघालय में सुबह करीब 6.57 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। एजेंसी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र राज्य के तुरा से 59 किमी उत्तर में था। इसकी गहराई जमीन से 29 किमी नीचे रही। इन झटकों में भी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।




## राज्यपाल श्री पटेल का डुमना विमानतल पर स्वागत



■ जबलपुर, यशभारत।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल का आज सुबह डुमना विमानतल पर आत्मीय स्वागत किया गया। श्री पटेल का भोपाल से सुबह लगभग 9.45 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा अल्प प्रवास पर डुमना आगमन हुआ था। विमानतल पर राज्यपाल का स्वागत राज्य सभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि ने किया। इस अवसर पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो कपिलदेव मिश्र, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ एस पी तिवारी, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा, पुलिस उप महानिरीक्षक आरआरएस परिहार, कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा भी मौजूद थे। राज्यपाल डुमना विमानतल पर कुछ देर रुकने के बाद हेलीकॉप्टर से सिंगरौली जिले के बारहपानी प्रस्थान किया।

## समय से पहले आई गर्मी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस महीने एसी-फिज की बिक्री 10% से ज्यादा बड़ी है। सॉफ्ट ड्रिंक, दूध से तैयार पेय, पानी और आइसक्रीम भी ज्यादा बिकने लगे हैं। इसके चलते इनके दाम 7-25प्रश बढ़ गए हैं। आगामी महीनों में बिक्री और बढ़ने के आसार हैं। ऐसे में कंपनियों ने उत्पादन बढ़ाना शुरू कर दिया है। दरअसल, देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से में दिन का तापमान कई वर्षों का रिकॉर्ड छू रहा है। फरवरी में अमूमन ऐसा नहीं होता।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग




## आतंक के खिलाफसुरक्षाबलों का एक्शन

### पुलवामा-अवंतीपोरा में मुठभेड़ में मार गिराए दो दहशतगर्द

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी मार गिराया है। इससे पहले, दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के पदगामपोरा में सोमवार को आधी रात बाद मुठभेड़ शुरू हुई। इसमें एक आतंकी मारा गया। डीजीपी दिलबाग सिंह ने मुठभेड़ की पुष्टि की, लेकिन उन्होंने आतंकियों की पहचान की कोई जानकारी नहीं दी। सूत्रों के मुताबिक मारा गया आतंकी कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या में शामिल हो सकता है। वहीं सेना के दो जवानों के घायल होने की खबर है। रविवार को पुलवामा में पत्नी के साथ बाजार जा रहे कश्मीरी पंडित बैंक गार्ड संजय शर्मा की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्यारों के पदगामपोरा में छिपे होने की सूचना के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया। हमले के बाद से ही पुलिस तथा सुरक्षा बलों की टीमें लगातार हत्यारों की तलाश में जुटी हुई हैं।



### कश्मीरी पंडित की अर्थी को मुस्लिमों ने दिया कंधा

पुलवामा जिले के अच्छन गांव में आतंकी हमले में मारे गए कश्मीरी पंडित संजय शर्मा का सोमवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान मुस्लिम पड़ोसियों ने भाईचारे की मिसाल पैदा की। उन्होंने संजय शर्मा के अंतिम संस्कार में परिवार की तरह मदद की। उन्होंने संस्कार के लिए लकड़ियों की व्यवस्था की और अर्थी को भी कंधा दिया। संजय शर्मा का परिवार अच्छन गांव में रहने वाला एकमात्र कश्मीरी पंडित परिवार है। स्थानीय निवासी मुदस्सिर अहमद ने कहा, जब हमें संजय शर्मा की हत्या की खबर मिली तो पैरों तले जमीन ही खिसक गई थी। यह सुनकर हम तुरंत घर की तरफ दौड़े और संजय के परिवार वालों को संभाला। उन्होंने कहा कि गांव में संजय शर्मा के परिवार से सभी के मधुर रिश्ते हैं। वहीं, संजय के रिश्तेदारों ने कहा कि गांव के मुसलमान हमेशा मुश्किल और जरूरत के समय उनकी मदद करते हैं।

## रैगिंग से परेशान दलित मेडिकल स्टूडेंट ने किया सुसाइड

### तेलंगाना में PG फर्स्ट ईयर की छात्रा को सीनियर परेशान कर रहा था



■ हैदराबाद, एजेंसी।

तेलंगाना के हैदराबाद में दलित मेडिकल स्टूडेंट डी. प्रीति (26) की रविवार देर रात मौत हो गई। पोस्ट ग्रेजुएटशन फर्स्ट ईयर की छात्रा प्रीति ने अपने सीनियर मोहम्मद सैफ की रैगिंग से परेशान होकर चार दिन पहले सुसाइड अटेम्प्ट किया था। उसने खुद को जहर के इंजेक्शन दिए थे। प्रीति को हैदराबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन 26 फरवरी को उसने दम तोड़ दिया। प्रीति के पिता नरेंद्र की शिकायत पर प्रीति के कॉलेज में पोस्ट ग्रेजुएशन के सेकेंड ईयर के छात्र मोहम्मद अली सैफ को गिरफ्तार किया गया है। उस पर रैगिंग, सुसाइड के लिए भड़काने और SC/ST एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्होंने कॉलेज और अस्पताल प्रशासन पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रीति ने दोनों जगह आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। ककाटिया मेडिकल कॉलेज की फर्स्ट ईयर की दलित स्टूडेंट प्रीति ने मंगलवार 22 फरवरी को सुसाइड अटेम्प्ट किया, रविवार 26 फरवरी को उसकी मौत हो गई। NIMS हैदराबाद की तरफ से जारी किए स्टेटमेंट के मुताबिक, डॉक्टरों की टीम ने प्रीति को बचाने की बहुत कोशिश की लेकिन, 26 फरवरी को रात 9.10 बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि दोनों के बीच वॉट्सऐप चैट से पता चलता है कि आरोपी प्रीति की रैगिंग ले रहा था। उन्होंने कहा कि टॉक्सिकोलॉजी रिपोर्ट के आधार पर आगे की इन्वेस्टिगेशन की जाएगी।

### ट्राइबल कम्युनिटीज कर रहीं प्रदर्शन, परिवार ने बॉडी का पोस्टमॉटर्म कराने से इनकार किया

प्रीति की मौत पर कई लंबाडा ट्राइबल यूनियन ने हैदराबाद के NIMS अस्पताल, ककाटिया मेडिल कॉलेज और वारंगल के स्न्नरूअस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रीति के परिवार ने भी NIMS अस्पताल से प्रीति की बॉडी को पोस्टमॉटर्म के लिए भेजने से इनकार कर दिया है।नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन और SC/ST के नेशनल कमीशन ने मामले का संज्ञान लिया है और सरकार, स्न्नरू अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट और डिपार्टमेंट ऑफ एनेस्थीसियोलॉजी के हेड और कॉलेज प्रिंसिपल को नोटिस भेजा है। गवर्नर तमिलिसई सौंदराराजन ने अस्पताल में प्रीति से मुलाकात की थी। उन्होंने प्रीति के परिवार के लिए 10 लाख रुपए के मुआवजे का ऐलान किया है।

# नर्मदा में मिलने वाले गंदे पानी को रोकने की दिशा में महापौर के प्रयास तेज

## पूज्य स्वामी श्री गिरीशानंद और मुक्तेश्वरानंद महाराज के साथ जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' ने किया नर्मदा के तटों का निरीक्षण

**जबलपुर, यशभारत। नगर निगम द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के निर्देशानुसार शहर की साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ मॉं नर्मदा के तटों पर भी बेहतर साफ-सफाई नियमित रूप से कराई जा रही है। महापौर की पहल पर ही मॉं नर्मदा में मिलने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए भी तेजगति से नगर निगम काम कर रहा है।**

जिसका निरीक्षण आज महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'', पूज्य स्वामी श्री गिरीशानंद जी महाराज, मुक्तेश्वरानंद जी महाराज, एवं एम.आई.सी. सदस्य तथा स्वास्थ्य प्रभारी अमरीश मिश्रा और पूर्व एम.आई.सी. सदस्य मनीष दुबे के साथ किया। मॉं नर्मदा के तटों का निरीक्षण कर महापौर ने गंदे नालों से मिलने वाले पानी को रोकने के लिए लगाने वाले एस.टी.पी. प्लांट स्थल का भी निरीक्षण किया और तेज गति से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। महापौर ने बताया कि बहुत शीघ्र ही एस.टी.पी. प्लांट लगाकर मॉं नर्मदा नदी में मिलने वाले गंदे एवं प्रदूषित पानी को फिल्टर कर स्वच्छ किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पार्किंग व्यवस्था को भी व्यवस्थित कराने के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने तटों एवं आस-पास के सभी क्षेत्रों में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था रखने के भी अधिकारियों को निर्देश दिये।

गौरतलब है कि महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' के द्वारा महापौर पद संभालने के तत्काल बाद ही घोषणा के अनुरूप मॉं नर्मदा को स्वच्छ एवं निर्मलता प्रदान करने की दिशा में प्रयास तेज कर दिये गए, जिसके परिणाम स्वरूप 17.50 करोड़ रूपये के टैण्डर जारी कर कार्रवाई प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि बहुत शीघ्र ही तटों के ऊपर एस.टी.पी. प्लांट लगाकर गंदे पानी के बहाव को रोका जायेगा। इस अवसर पर अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



# डॉ मुखर्जी एवं लाइफ केयर आईसीयू में निःशुल्क जांच शिविर

**जबलपुर, यशभारत।** डॉक्टर मुखर्जी पीजी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं लाइफ केयर आईसीयू के द्वारा एक विशाल निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर में हड्डी रोग ,मस्तिष्क रोग, किडनी रोग ,मूत्र रोग, स्त्री रोग ,दर्द निवारण ,सर्जरी विभाग, डायबिटीज ,हाई ब्लड प्रेशर ,छाती रोग, सौन्दर्य एव प्लास्टिक सर्जरी रोग, व दंत रोग के लगभग 500 मरीजों का निशुल्क चिकित्सा परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ अभिजीत मुखर्जी डॉ विनोद जैन ,डॉ तन्मय सरकार ,डॉ शरद नेमा, डॉ हर्ष सक्सेना, डॉ मयंक चंसोरिया, डॉ प्रशांत कुशवाहा, डॉ विशाल वडेरा , डॉ फणीन्द्र सोलंकी ,डॉ शुभदा तिवारी ,डॉ अवनि अग्रवाल, डॉ जलज शिवहरे, डॉ सुरेश पटेल ,डॉ पुनीत भल्ला, डॉ अखिलेश पटेल, डॉ कपिल जैन, डॉ नेहा चंसोरिया द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया। मरीजों की समस्त पैथोलॉजी की जांचें, बी एम डी, न्यूरोपैथी,निशुल्क की गई एवं निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ अभिजीत मुखर्जी व डॉ स्वाति मुखर्जी द्वारा मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगे भी इस प्रकार के निःशुल्क परामर्श शिविर के लिए आश्वाशन दिया गया। सुदीप सिकदर ,विश्वास चौहान ,अमित सोनी ,प्रिया सिंह ,व समस्त स्टाफ का शिविर को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।।




# जितेंद्र दुबे का आई आर मेकनिजम में मनोनयन

**जबलपुर यशभारत।** भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एवीएनएल की ईकाई वाहन निर्माणी जबलपुर से एआईएएनजीओ के संयुक्त सचिव व्ही एफ जेब्रांच सचिव जितेन्द्र कुमार दुबे का एवीएनएल आई आर मेकेनिज्म में एआईएएनजीओ और सिड्रा की ओर से मनोनयन हुआ ।श्री दुबे के मनोनयन से जबलपुर जोन एवं वाहन निर्माणी की ओर से दिनेश चंद्र पांडे, अजय रजक, अजय चौहान, सतीश समाधिया,कामता द्विवेदी, सतेन्द्र कुमार,अजय यादव, सुनील भक्त, आर मसीह, डी थुलकर एम पी बरेठ राजेश तिवारी, मुकेश विस्वकर्मा, अजय अवस्थी ,हरीस चौधरी, राजकुमार पटेल, रवि कनौजिया,नटराज अय्यर, संदीप विस्वकर्मा आदि ने हर्ष जताया है ।

# जनेकृविवि में राष्ट्रीय सम्मेलन कल से ,मिलेट्स के फूड फेस्टिवल एवं प्रदर्शनी होंगे मुख्य आकर्षक

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सद्प्रेरणा से आगामी 1 और 2 मार्च, 2023 को आजादी के अमृत महोत्सव, जी-20, अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष-2023, मध्यप्रदेश मिलेट्स मिशन के अंतर्गत जनेकृविवि, नावार्ड, नाहेप, आई.आई.एम.आर., जी.आई.जेड. एपीडा, मध्यप्रदेश शासन, बार्क, पी.पी.व्ही.एफ.आर.ए. के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मिलेट्स के ''उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणनः समस्याएं एवं समाधान'' विषय पर आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में सम्पूर्ण राष्ट्रीय में श्री अन्न (मोटे अनाज) पर कार्य करने वाले 300 से अधिक कृषि वैज्ञानिक जुटेंगे, साथ ही कृषकों हेतु मिलेट्स के प्रति आकर्षण व उत्पाद विपणन व समस्याएं व समाधान पर मंथन करेंगे। राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ. जी.के. कौतू, संचालक अनुसंधान सेवायें एवं डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, संचालक विस्तार सेवायें ने जानकारी देते हुये बताया कि दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में देश के केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर , केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार वर्चुली जुड़ेंगें, साथ ही इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य अतिथि कमल पटेल , मंत्री, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, मध्यप्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप सांसद, लोकसभा खजुराहों, श्री विष्णु दत्त शर्मा, नाबार्ड के चीफ जनरल मैनेजर श्री निरूपम मेहरोत्रा जी, भारतीय एग्रो इकानोमिक रिसर्च सेंटर के जनरल सेक्रेटरी, नई दिल्ली प्रमोद चौधरी एवं वि.वि. के माननीय कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में कृषि क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक शिरकत करेंगे। विशेष आमंत्रण श्री बाबूलाल दाहिया जी, जिला- सतना जो कि 3 दशक से समर्पित रूप से स्थानीय प्रजातियों के सरंक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रहें हैं, का सम्मान किया जाएगा इसके अलावा देश व प्रदेश में मिलेट्स की ब्रांड एम्बेसडर के रूप में अपनी पहचान बना चुकी, जो मोटे अनाज की स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु बीज बैंक बनाकर महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही, हमारे डिण्डोरी जिले व म.प्र. को गौरव प्रदान करने वाली सुश्री लहरी बाई की प्रेरणादायी उपस्थिति रहेगी।

# दो वार्डों के लोगों को व्हीएफजे गेट के सामने प्रदर्शन

## विरोध के बाद इस्टेट से वाहनों की आवाजाही रोक का आदेश शिथिल

**जबलपुर यशभारत।** व्हीएफजे इस्टेट से लगे दो वार्डों की जनता ने व्हीएफजे प्रबंधन द्वारा इस्टेट के भीतर से गुजरने वाले वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाए जाने के आदेश के विरोध में वार्ड पार्षदों के नेतृत्व में गेट नंबर 6पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपा ।सीजीएम की ओर से तैनात व्यवस्था अधिकारी ने ज्ञापन के बाद लिखित आश्वासन दिया कि आदेश को शिथिल करते हुए पूर्व की भांति आसपास के क्षेत्रों में जाने वाले चौपहिया वाहन पूर्व की भांति इस्टेट से होकर गुजर सकेंगे ।इस संबंध में वार्ड क्र. 76गुरु गोविंद सिंह वार्ड पार्षद गार्गी रामकुमार यादव का कहना है कि बिलपुरा इंद्रानगर आदि के लिए व्हीएफजे इस्टेट से ही रास्ता है जिसका और कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है ।निर्माणी बनते समय यहां के किसानों की जमीन सरकार ने लेने के बाद नौकरी के साथ आने जाने की सुविधाएं दी थी। लेकिन व्हीएफजे के प्रतिबंध के बाद नगर निगम के साथ अन्य कार्य वाहन बंद होने से रुक गये हैं। ज्ञापन के बाद व्हीएफजे प्रबंधन ने आदेश को शिथिल कर दिया है।



## कन्याओं को विवाह हेतु कूलर एवं अन्य गृहस्थी की सामग्री का वितरण किया गया

**जबलपुर, यशभारत।** केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी के द्वारा 20 कन्याओं को विवाह हेतु कूलर एवं अन्य गृहस्थी की सामग्री का वितरण किया गया। विधायक जी से गिफ्ट पाकर कन्याओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर निगमाध्यक्ष रिकुंज विज, पार्षद दामोदर सोनी, बाबा श्रीवास्तव, संतोषी ठाकुर, सावित्री शाह, श्याम कनौजिया, सुश्री कृष्णा दास चौधरी, निशांत झारिया, अनुराग दाहिया एवं आशीष राव, गुड्डा केवट, सुंदर अग्रवाल, वेद महावर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परीक्षा के ऐन वक्त पर शिक्षक परेशान -हलाकान

## देश के कर्णधार नौनिहालों के स्वर्णिम भविष्य से खिलवाड़

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर, यशभारत। प्रदेश के सबसे बड़े विभाग शिक्षा विभाग में सर्वाधिक परेशान शिक्षक होता है। वर्तमान में एक साथ कई कार्य करने के निर्देश शिक्षकों को प्राप्त हुए। मार्च के प्रथम सप्ताह में 10 वीं एवं 12वीं के बोर्ड एग्जाम प्रारम्भ हो रहे है इनमें शिक्षकों को इनविजिलेशन और फ्लाइंग स्कॉट एवं अन्य कार्यों में लगाया गया ये तो ठीक है अनिवार्य है परन्तु इसी बीच एक नया आदेश भेज दिया कि शालाओं का ऑर्डिट 28 फरवरी से विकासखंड वार करवाना है साथ ही साथ एक नया फरमान जारी कर दिया कि शिक्षकों को टेबलेट 28 फरवरी तक अपने रुपयों से खरीदकर उसका वेरिफिकेशन करवाना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें टेबलेट तो खरीदना ही पड़ेगा परन्तु शासन उसका पेमेंट नहीं करेगा। अभी भी कुछ शिक्षक सर्वे के कार्य में लगे है। कुल मिलाकर विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ है क्योंकि 10 वीं और 12 वीं के अलावा शेष कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा बाद में है और उन्हें पढ़ाने वाले शिक्षक अध्यापन करवाने की बजाय दूसरे कार्यों में लगे है ।मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर के अनुसार ऑर्डिट का कार्य एन परीक्षा के वक्त कराने की बजाय पहले किया जा सकता था परन्तु व्यवस्थित कार्यक्रम नहीं बनाया गया। सर्वे में लगे शिक्षकों को अब अध्यापन करवाने के लिए सर्वे से मुक्त कर दिया जाना चाहिए ।एक नव साक्षरता का अभियान भी चल रहा है उसमें भी शिक्षक लगे हुए है ।विधानसभा में लगे रहे डाक बनाते रहे फिर सर्वे करते रहे फिर ऑर्डिट करवाना है फिर बोर्ड एग्जाम में ड्यूटी है तो विद्यालय में नौनिहालों देश के कर्णधारों को पढ़ाने वाले क्या करें..? मध्यप्रदेश अधिकारी - कर्मचारी संयुक्त संगठन के चंदा सोनी, पुष्पा रघुवंशी, आशा सिसोदिया,गिरीशकांत मिश्रा,अजब सिंह, सुल्तान सिंह, देवराज, इमरत सेन, विश्वनाथ सिंह, आकाश भील, नितिन तिवारी, धर्मेंद्र परिहार, जी आर झारिया, आदि ने सरकार एवं स्थानीय शासन प्रशासन से इस गंभीर विषय पर चिंतन मनन करने को कहा है।

# गोल्डन स्टार स्कूल में वार्षिकोत्सव

**जबलपुर, यशभारत।** गोल्डन स्टार स्कूल का पहला वार्षिकोत्सव पुष्पक नगर मैदान, अधारताल में ब? हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र चौबे, एएसपी समर वर्मा, सम्मानित अतिथि क्षेत्रीय पार्षद विमल राय, संस्था के संरक्षक अजीत जैन तथा वीरेन्द्र सिंघई के साथ अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।




कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उसके उपरांत संस्था की संचालिका श्रीमती अनामिका सिंघई ने अपने भाषण द्वारा अभिवादन किया। कार्यक्रम में क्लास प्ले नर्सरी से पांचवी तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें भारत के गोल्ड स्टार नरेन्द्र मोदी, लता मंगेशकर, अमिताभ बच्चन, रामदेव बाबा, गीता फोगाट एवं नीरज चौपड़ा की तरह तैयार होकर प्रस्तुति दी। उसके पश्चात योगा लाठी, लहरा दो हर घर तिरंगा लहरायेंगे जैसी भारतीय संस्कृति से जुडे हुये गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी। जो बहुत ही मनमोहक थी। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी खुशी मन से हिस्सा लिया। और रैम्प वॉक किया। उसके बाद स्कूल द्वारा अभिभावकों को बैस्ट ग्रेंड पेरेंट्स दादा नाना, बैस्ट फादर मदर ब्यूटीफुल कपल, मेड फॉर इच अदर जैसे उपनामों से सम्मानित किया गया। समापन श्रीमती रूपाली श्रीवास ने उपस्थित सभी अतिथि एवं अभिभावकों को धन्यवाद देते हुये किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्राधानाचार्या एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

# विज्ञान महाविद्यालय में पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम



**जबलपुर, यशभारत।** विज्ञान दिवस के अवसर पर शा. विज्ञान महाविद्यालय में जूलॉजीकल सर्वे ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधियों द्वारा पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्यासटिक फ्री वातावरण बनाने के लिये विद्याथियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एब. महोबिया के निर्देशन में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रीति खरे नेकी 7 जूलॉजीकल सर्वे ऑफ इडिया के द्वारा इन्हें मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता शर्मा एवं डॉ. मनीधा सक्सेना सहयोग रहा।

# कलेक्टर ने बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षार्थियों से की बेहतर प्रदर्शन के साथ सहजता व सरलता से परीक्षा देने की अपील

**जबलपुर,यशभारत।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने म.प्र.माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2023 के सभी परीक्षार्थियों से आत्मीय अपील करते हुये इस बोर्ड परीक्षा में विगत वर्षों की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन कर सहजता और सरलता से परीक्षा देने की अपील की है । उन्होंने परीक्षार्थियों के अभिभावकों से भी अपने पाल्य को परीक्षा के दौरान सहयोग देने की अपील करते हुये परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिये हार्दिक शुभकामनायें भी दी हैं । कलेक्टर श्री सुमन ने सभी परीक्षार्थियों से सस्नेह आत्मीय अपील करते हुये कहा है कि आप सभी आगामी माह मार्च 2023 में म.प्र.माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की बोर्ड परीक्षा 2023 में कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थी के रूप में बैठने जा रहे हैं । आपमें ज्ञान, सुझबूझ और साहस ईश्वर ने पूरे मन से प्रदान किया है। आपने सत्र 2022-23 में अपने विषय का अध्ययन भी पूरी निष्ठा से किया है। मेरा यह विश्वास है कि आप सभी इस बोर्ड परीक्षा में विगत वर्षों की अपेक्षा बेहतर प्रदर्शन करेंगे। आप स्वयं को सबसे पहले आश्वस्त करें कि आपने पूरे मन से आगामी परीक्षा की तैयारी कर ली है। आप परीक्षा केन्द्र में जाने से पहले क्या करें और क्या ना करें इस पर गौर अवश्य कर लेवें । यह आपकी परीक्षा को सहज और सरल बना देगी । उन्होंने परीक्षार्थियों को सलाह दी है कि परीक्षा तिथि में आप परीक्षा केन्द्र में कम से कम 45 मिनिट पूर्व अवश्य पहुँचें । अपना रोल नम्बर, बैठक व्यवस्था के अनुरूप कक्ष का पता कर लेवें। परीक्षा केन्द्र में जाने के पूर्व अपना प्रवेश पत्र, नीले एवं काले दो बालपेन, पेन्सिल, रबर, कटर, स्केल आदि लेकर जाना सुनिश्चित करें । परीक्षा केन्द्र में शाला गणवेश एवं परिचय पत्र यदि जारी हो तो अवश्य पहनकर आयें, प्रायवेट परीक्षार्थी सौम्य गणवेश धारण करें । उन्होंने कहा है कि बोर्ड परीक्षा वास्तव में आपकी योग्यता को अभिप्रमाणित करने हेतु आयोजित की जाती है, ना कि भविष्य खराब करने के लिये । किसी भी स्थिति या परिस्थिति के अन्तिम परिणाम को सोच लें, उसे स्वीकार कर लेवें तो व्यक्ति तनावरहित हो जाता है और फिर वह उस परिस्थिति पर विजय पाने का हर संभव प्रयास करता है और जीत भी जाता है। किसी ने सच ही कहा है कि थोड़ी सी चाहत और थोड़ी सी लगन, जमीं क्या चीज है लांघा जा सकता है गगन । किसी समस्या के होने या ना होने से उतना नुकसान नहीं होता, जितना उसके बारे में सोचते रहने से होता है, अतः आप चिंतन करें ना कि परिणाम की चिंता। परीक्षा अवधि में अध्ययन-अध्यापन विषय पुनरावृत्ति (रिवीजन) आवश्यकतानुसार करें । परीक्षा अवधि में हल्का भोजन ग्रहण करें। शाम को कम से कम आधा घंटा टहलें, रात में पर्याप्त नींद लेवें । परीक्षा केन्द्र में प्राप्त प्रश्नपत्र को पहले सावधानीपूर्वक पूरा पढ़ें, जिन प्रश्नों के उत्तर अच्छी तरह याद हों और बन रहे हों, उन्हें सर्वप्रथम हल करें। यदि किसी अपरिहार्य स्थितिवश परीक्षा में प्रश्नपत्र बिगड़ जाता है, तो चिन्ता की कोई बात नहीं, आगे भी अवसर है जिनमें आप अपना भविष्य संवार सकते हैं।



# 15 दिन में गिरफ्तारी नहीं तो जनआन्दोलन होगा मातृशक्ति

**जबलपुर,यशभारत।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय (शिक्षक-अध्यापक महिला प्रकोष्ठ) एवं म.प्र. अधिकारी कर्मचारी महागठबंधन के संयुक्त तत्वावधान में मातृशक्तियों द्वारा पुलिस अधीक्षक जबलपुर के नाम मुख्यालय डी.एस.पी. तुषार सिंह को ज्ञापन सौंपा और मांग की गई कि पीडित महिला कर्मचारी को न्याय दिलाया जाये पीडिता एवं उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाये और हमालवरो की 5 दिन के अंदर गिरफ्तारी करने की गुहार की गई, नहीं तो मातृशक्तियों द्वारा जनआंदोलन होगा। संघ ने पुलिस अधीक्षक महोदय को बताया कि श्रीमती ममता धनोरिया जो कि म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की संभागीय अध्यक्ष हैं उनके साथ विगत दिवस उनके कार्यालय में मारपीट की गई और धक्कामुक्की और जान से मारने की धमकी दी गई, किन्तु पुलिस ने उचित धाराएं न लगाकर पीडिता के साथ अन्याय किया है। महिला कर्मचारी को सिर के बल गिरा दिया गया, जिससे वह मूर्छित अवस्था में आ गई तत्काल कार्यालय के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा पीडित महिला कर्मचारी श्रीमती ममता धनोरिया को जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, उसके बाद पीडित महिला कर्मचारी के उपर दबाव बनाया जा रहा है कि वह अपना केस वापिस ले ले अन्यथा उसके साथ उसके परिवार को हमलावरों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है, साथ ही ओमती थाना द्वारा पीडित महिला द्वारा लिखाई गई रिपोंट पर धारायें कम लगाई गई हैं, जिससे हमलावरों के हौसले बुलन्द है। हमलावर महिला की सहकर्मी द्वारा अजाक थाने में पीडित महिला श्रीमती ममता धनोरिया के विरूद्ध एफआईआर कराने की कोशिश की गई जबकि हमलावर के विरुद्ध स्वयं ही जाति प्रमाण पत्र की जांच चल रही है। इसलिए पीडित महिला कर्मचारियों द्वारा अजाक थाना प्रभारी महोदय को भी ज्ञापन देकर मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाये और जिनके जाति प्रमाण पत्र की जांच चल रही है उसकी अजाक थाने में एफआईआर या शिकायत दर्ज नहीं की जाये।संघ के सीमा सिंह, संध्या अवस्थी, माया यादव, अदिति दुबे, अंजूमुंशी उपाध्याय, पूनम बर्मन, लक्ष्मी कोरी, नीना निशचल, अनीता यादव, दया पोददार सरोज चौहान, मोनिका साहु, वर्षा सिंह, रेणुका मंजु उपाध्य, हेमा रेकवार, शुष्मा खोगडे, भवना तिवारी, सुनिता रैकवार, बबीता धनोरिया, मोनिका नामदेवनयनसी जैन, आफरीन शेख, पूजा बर्मन आदि ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि हमलावरों की 5 दिन में गिरफ्तारी की जाये और पीडिता को संरक्षण प्रदान किया जाये नहीं तो मातृशक्ति जन आंदोलन करने सडको पर उतरेंगी।

# ऐसे में कैसे आएगी स्वच्छता, 450 कचरा गाड़ियों की जरूरत, 270 से चल रहा काम

## फरवरी माह के अंत तक खरीदे जाएंगे 60 वाहन

**जबलपुर, यशभारत। नगर निगम के 79 वार्डों में कचरा कलेक्शन के लिए 450 कचरा गाड़ियों की जरूरत है, वर्तमान में नगर निगम के पास 270 कचरा गाड़ियाँ हैं। यानी नगर निगम के पास 180 कचरा वाहन कम हैं। इसके बावजूद नगर निगम ने 60 कचरा वाहन खरीदने का निर्णय लिया है। यह वाहन फरवरी अंत तक नगर निगम को मिल जाएँगे।**



जानकारों का कहना है कि वर्तमान में कचरा कलेक्शन का ठेका एस्सेल कंपनी के पास है, लेकिन एस्सेल कंपनी के पास केवल 200 वाहन ही हैं, जिसमें से 80 वाहन खराब पड़े हैं। एस्सेल कंपनी के 120 वाहन ही चल रहे हैं। नगर निगम ने अपने 270 वाहन एस्सेल कंपनी को किराए पर दिए हैं। इस प्रकार वर्तमान में 390 कचरा गाड़ियों से कचरा उठाने का काम किया जा रहा है। इसके कारण शहर में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहाँ पर कचरा वाहन नहीं पहुँच पा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नगर निगम शहर के सभी क्षेत्रों से कचरा कलेक्शन टैक्स वसूल रहा है।पाँच महीने पहले पारित हुआ ठेका निरस्त करने का प्रस्ताव नगर निगम की एमआईसी ने पाँच महीने पहले एस्सेल कंपनी का कचरा कलेक्शन का ठेका निरस्त करने का प्रस्ताव पारित किया है। इसके बाद नगर निगम सदन की दो बैठकें हो चुकी हैं, लेकिन ठेका निरस्त करने का प्रस्ताव सदन की मंजूरी के लिए नहीं लाया गया। जानकारों का कहना है कि ठेका निरस्त होने का प्रस्ताव पारित होने के बाद एस्सेल कंपनी ने मनमानी शुरू कर दी है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए खरीदे जा रहे कचरा वाहन

स्वच्छता सर्वेक्षण मार्च के अंतिम सप्ताह या फिर अप्रैल के प्रथम सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। इसको देखते हुए नगर निगम ने कचरा गाड़ियाँ खरीदने का निर्णय लिया है, ताकि शहर की कचरा कलेक्शन को मिल जाएँगे। की व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके।

### कॉलोनियों से नहीं उठ रहा कचरा



कचरा वाहनों कमी के साथ शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर भी ध्यान देना होगा। बताया जा रहा है कि कॉलोनियों से कचरा नहीं उठ रहा है। शास्त्री नगर की बात करें तो यहां पर झाड़ू और कचरा उठाने वाले आते ही नहीं है। सफाई कर्मी उन कॉलोनियों में ज्यादा ध्यान देते हैं जहां नेताओं या फिर अधिकारियों का रहवास है। नेताओं के घर के समीप रोजना और निर्धारित समय पर सफाई कर्मी पहुंच जाते हैं।

# फ्लाई ओवर के तीन प्वाइंट पर कभी भी लग जाता है जाम



**जबलपुर, यशभारत।** शहर के बीच मध्य एरिया में बन रहा 7 किलोमीटर का फ्लाईओवर आने वाले कल में जनता को सहूलियत देगा इससे कोई इनकार नहीं कर सकता, लेकिन अभी यह जनता की अच्छी खासी परीक्षा ले रहा है। इस फ्लाईओवर निर्माण के दौरान जितने जतन और सावधानी जिम्मेदार विभागों को बरतनी चाहिए, लेकिन उसकी अनदेखी से आम आदमी ज्यादा हलाकान है। फिलहाल मदन महल स्टेशन से लिंक रोड की ओर केबलस्टे ब्रिज रैंप निर्माण के लिए जहाँ मशीन खड़ी की गई है वहाँ शाम को बेतहाशा जाम लग रहा है। इस हिस्से में शाम को बड़ी मशक्कत के बाद आदमी निकल पाता है। इसी से आगे गेट नंबर चार पर स्नहे नगर से आने वाले वाहन सीधे राइट टाउन की ओर नहीं जा पाते, क्योंकि चौराहे पर चारों हिस्से से वाहन आकर फँस जाते हैं। इसी तरह रानीताल चौराहे से आगे गेट नंबर दो हनुमान मंदिर के सामने जाम लग जाता है। रानीताल से गढ़ा रोड पर भी शाम को निकलते वक्त जनता खासी परेशान है।विशेष बात यह है कि इन तीन जाम वाले हिस्सों में जिम्मेदार ट्रैफिक पुलिस कर्मी, ट्रैफिक सुचारु चले इसकी व्यवस्था करने कहीं नजर ही नहीं आते। लोगों का कहना है कि भीड़ में फँसा आदमी सहूलियत के लिए ट्रैफिक पुलिस कर्मी को तलाशता रहता है पर कभी भी वर्दी धारी ट्रैफिक की कमान सँभाले दिखाई नहीं देते। लोगों का कहना है कि जिम्मेदार लंबे समस से ट्रैफिक को लेकर अनदेखी कर रहे हैं जिससे जनता परेशान है।

# नर्सिंग कॉलेजों ने थोड़ी भी गफलत की तो मेडिकल विवि अब करेगा कार्रवाई

**जबलपुर, यशभारत।** मेडिकल विवि से संबद्धता प्राप्त करने की कोशिश में यदि नर्सिंग कॉलेज गलत जानकारी देते हैं, तो उन पर विवि सख्त कार्रवाई करेगा। गलत जानकारी देने पर 5 लाख तक का जुर्माना लगाया जाएगा। विवि प्रबंधन का कहना है कि इसके पीछे मंशा यही है कि इनमें पढ़ने वाले छात्रों का किसी भी तरह से अहित न होने पाए। जो मापदण्ड हैं उनको हर हाल में पूरा करना होगा। गौर तलब है कि मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में सत्र 2020-21 की संबद्धता के लिए जो



प्रकरण यूनिवर्सिटी के समक्ष रखे जा रहे हैं, उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा सशर्त अनुमति दी जा रही है, साथ ही इसको लेकर बारीकी से छानबीन भी की जा रही है।प्रबंधन के अनुसार कॉलेजों को जो हलफनामा देने कहा गया है उसमें कॉलेज के फैकल्टी, उपकरण समेत सभी जानकारियाँ दी जानी हैं। अगर जानकारी गलत पाई जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा कॉलेज प्रबंधन पर जुर्माना लगाया जा सकता है। बता दें कि गत महीने हुई कार्यपरिषद की बैठक में कुछ नर्सिंग कॉलेजों को हलफनामा देकर सशर्त संबद्धता देने का निर्णय लिया गया था। सूत्रों के अनुसार ऐसे कॉलेजों की संख्या करीब 40 है। जिन कॉलेजों ने हलफनामा दिया है, विश्वविद्यालय द्वारा उनकी जाँच भी कराई जा रही है।

# नशे की गिरफ्त में आ रहा हर वर्ग

**जबलपुर यशभारत।** शहर में गांजा प्रकरण से यह खुलासा हुआ है कि लोग गांजे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इसमें युवा सहित अन्य शामिल हैं। शहर की दुकानों में चिलम सहित अन्य आत्याधुनिक पाइप मिल रहे हैं। इसके साथ ही अब नया नशा सामने आया है, जहां फ्लेवर लगाकर सिगरेट बेची जा रही है। जानकार कहते हैं कि इससे सिगरेट पीने वाले को नशे का अहसास होता है और सिगरेट पीने में आम लोगों को यह अहसास नहीं होता है कि वह क्या पी रहा है। सौंफ-किमाम-बटर स्कॉच पसंदीदा दुकान पर यह सामने आया कि सौफ-किमाम और बटरस्कॉच फ्लैवर सिगरेट पीने वालों का पंसदीदा था। ज्यादातर लोग आकर इन फ्लैवर की डिमांड कर रहे थे। मिंट फ्लैवर कम ही लोग ले रहे थे। दुकानदार का कहना था कि मिंट फ्लेवर ठंड के समय ज्यादा चलता है। प्रो. एचबी पालन के मुताबिक सिगरेट में एसेंस लगाने से सेहत बिगड़ने का खतरा है। दरअसल, एसेंस में ईथर होता है।

# शहर को जल्द मिलेगी 26 हजार वर्गफीट में तीन मंजिला पार्किंग

## खड़ी हो सकेंगी 310 कारें, राइट स्टेडियम परिसर में स्मार्ट सिटी द्वारा कराया जा रहा निर्माण

जबलपुर, यशभारत। शहर में पार्किंग की बढ़ती समस्या और वाहनों की तेजी से बढ़ती संख्या को देखते हुये राइट टाउन स्थित मानस भवन में दो करोड़ की लागत से 34 कार की क्षमता की मल्टीलेबल पजल पार्किंग और सिविक सेंटर में 86 कार क्षमता वाली छह करोड़ की लागत से बनाई गई पजल पार्किंग के बाद शहर का जल्द ही राइट टाउन स्टेडियम परिसर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत प्रथम चरण में बन कर तैयार हो चुके मल्टी स्पोटर्स काम्पलेक्स के पास ही 26 हजार वर्गफीट क्षेत्र में तीन मंजिला पार्किंग बनाई जा रही है। इसमें 310 कार व 100 दोपहिया वाहन पार्क किए जा सकेंगे। पार्किंग के लिए बेस स्ट्रेक्चर बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का दावा है कि मई 2023 तक बनकर तैयार हो जाएगी। लेकिन जिस गति से पार्किंग बनाने का काम चल रहा है उसे देखते हुये लगता नहीं कि तय समय सीमा में तीन मंजिला पार्किंग बनकर तैयार हो जायेगी। हालांकि इतना तय है कि इस तीन मंजिला पार्किंग के



बन जाने से राइट टाउन स्टेडियम के आसपास सड़कों पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन नजर नहीं आयेगें। अभी राइट टाउन के पास पार्किंग हमेशा ही भरी होती है जिसके कारण लोगों को मानस भवन स्मार्ट रोड, एमएलबी स्कूल रोड सहित गौमाता चौक की तरफ जाने वाले मार्ग पर ही वाहन खड़े करना पड़ते है, इसके अलावा यंहा जब तब जाम भी लगता है। राइट टाउन स्टेडियम में तीन मंजिला पार्किंग बन जाने से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि मल्टीस्पोटर्स काम्पलेक्स में आने वाले खिलाडियों व दर्शकों को वाहन पार्क करने में परेशानी नहीं होगी, वहीं राइट टाउन बाजार क्षेत्र में आने वाले नागरिक भी अपने वाहन तीन मंजिला पार्किंग में पार्क कर सकेंगे। इससे यातायात व्यवस्था भी बनी रहेगी।यह सुविधा रहेगी स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है कि तीन मंजिला पार्किंग में 310 वाहन खड़े हो सकेंगे। 110 कार ग्रांउड फलोर में खड़ी की जा सकेंगी। 75 कार पहली मंजिल पर खड़ी होंगी और 75 कार दूसरी मंजिल पर खड़ी करने की व्यवस्था रहेगी। 35 करोड़ रूपये की लागत स्टेडियम को दिया जा रहा नया लुक बताया जाता है राइट टाउन खेल मैदान परिसर में स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा 35 करोड़ रूपये की लागत से कार्य कराए जा रहे है। पहले चरण में खिलाडियों के लिए अत्याधुनिक खेल सुविधाओं से लैस 900 दर्शक क्षमता वाला मल्टी स्पोटर्स काम्पलेक्स बनकर तैयार हो चुका है।जिसमें राष्ठ्रीय स्तर के इनडोर खेल हो सकेंगे।

# वेटरनरी के पीजी डॉक्टर भूख हड़ताल पर बैठे



जबलपुर, यशभारत। वेटरनरी के पीजी डॉक्टरों की हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। मानदेय 4 हजार 600 से 25हजार रुपए करने और सीटें बढ़ाने की मांग को लेकर बीते 15 दिनों से हड़ताल कर रहे विद्यार्थियों ने अपनी मांग और तेज करते हुए भूख हड़ताल भी शुरु कर दी है। उनका कहना है कि 4 छात्र-छात्राएं दो दिनों से अनशन पर बैठे हैं, लेकिन प्रशासनिक स्तर या जनप्रतिनिधि स्तर पर कोई भी इनके समर्थन में नहीं आया है। यहां तक कि सरकार की ओरसे भी कोई बात करने नहीं पहुंचा है। उनका कहना है कि जबलपुर सहित रीवा और महू मेंहड़ताल की जा रही है। जब तक पूरी मांग नहीं हो जाती है तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

# विवेचना थिएटर ग्रुप का आयोजन

जबलपुर, यशभारत। एक अंतराल के बाद विवेचना थिएटर ग्रुप व महा. शहीद स्मारक ट्रस्ट सांस्कृतिक प्रकोष्ठ द्वारा जबलपुर में अतिथि नाट्य प्रस्तुति के अंतर्गत दिल्ली के आस्था थिएटर ग्रुप की प्रस्तुति टैक्स फ्री को आमंत्रित किया गया है। इसका निर्देशन कैलाश जोशी ने किया है। नाटक के लेखक चंद्रशेखर फडसालकर हैं। यह नाटक चार दृष्टिहीनों की कहानी है जो दुर्घटनावश दृष्टिहीन हो गए हैं।

# वन्य प्राणियों को बचाने वन विभाग ने तैयारी शुरू की

## बीट गार्डों की स्पेशल तैनाती की जा रही है, गांवों में भी रखी जा रही नजर





**जबलपुर यशभारत।** गर्मी में आग लगने की घटनाओं को देखते हुए वन अमले ने अभी से कवायद तेज कर दी है। आग से जंगल और वन्य प्राणियों को बचाने के लिए फायर लाइन बनाई जा रही है। वहीं बीट गार्डो की स्पेशल तैनाती की जा रही है। इसके साथ ही वॉचिंग टॉवर भी बनाए जाएंगे, ताकि आसपास के जंगलों पर नजर रखी जा सके। गर्मी को देखते हुए वन विभाग ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। जबलपुर में वन क्षेत्र में साल, सागौन, बांस, गोंद आदि के महुआ आदि शामिल हैं। जबलपुर वन क्षेत्र ऊष्णकटिबंधीय आद्र पतझड़ वनों में शामिल है। वन क्षेत्र से लगे एक दर्जन से अधिक गांवों पर भी नजर रखी जा रही है।जंगल को बांटकर फायर लाइन अग्निहादसों को रोकने के लिए जंगल में फायर लाइन तैयार की जा रही है। जंगल के क्षेत्र को छोटे-छोटे भागों में बांट कर यह किया जा रहा है। ताकि आग लगने पर इसे फैलने से रोका जा सके। वन विभाग द्वारा आग से निपटने के लिए फॉयर वाचर की तैनाती करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए विभिन्न बीटों में एक से दो फायर वॉचर रखे जाएंगे। जिनका काम आग पर निगरानी रखना है। साथ ही जंगल में वॉच टॉवरों का भी निर्माण किया जाएगा।

# केसरिया महोत्सव 22 मार्च को होगा आयोजित

**जबलपुर, यशभारत।** भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांग पर अब धर्मगुरु, जबलपुर में केसरिया महोत्सव करने जा रहे हैं। 22 मार्च को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा यानि हिंदू नववर्ष के मौके पर केसरिया महोत्सव में जबलपुर को भगवामय करने की तैयारी है, इसमें नर्मदा नदी के ग्वारीघाट पर 121 फीट ऊंची यानि मध्यप्रदेश की सबसे ऊंची और देश की दूसरी सबसे ऊंची धर्म ध्वजा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही हर घर भगवा का नारा देकर जबलपुर शहर में 2 लाख भगवा ध्वज लगाए जाएंगे।

# जुनैद-नासिर हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन

**जबलपुर यशभारत।** भारत मुक्ति मोर्चा, बहुजन क्रांति मोर्चा, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा द्वारा संयुक्त रूप से राजस्थान के भरतपुर जिले के जुनैद और नासिर की जघन्य हत्या करने वालों पर कार्यवाही की मांग को लेकर घंटाघर चौक में प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रवीण गजभिये, रामराज पटेल, सुखराम पटेल, विजय लोधी, छोटे भाई कुर्मी, अनिल बंशकार, विनय भगत, परमानंद साहू, राकेश नन्हेट, आशीष गौतम, संघ राजन, अरविंद बंशकार, विनय भगत, परमानंद साहू, राकेश नन्हेट, आशीष गौतम, संघ राजन, अरविंद विरहा, त्रिलोक सोनकर, मासूम उसमानी, शेख फरीद, शहीद मंसूरी, विनोद कुमार साहू, संजय मेश्राम आदि उपस्थित रहे।



# स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने के नाम पर फिर होगी तोड़फोड़

**जबलपुर यशभारत।** पमरे के कर्मचारी और कर्मचारी नेताओं में भले ही इसे फिजूल खर्ची बताया जा रहा हो लेकिन जबलपुर रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने फिर बनी बनाई इमारत ओर स्टेशन को तोड़कर नई डिजाइन पर पुर्ननिर्माण किया जाएगा। स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के नाम पर काम जल्द शुरु होने के संकेत मिले हैं।

तीन माह में नए स्टेशन की ड्राइंग तय कर निजी कंपनी को ठेका दे दिया जाएगा। प्लेटफार्म एक के बाहर बनी मुख्य बिल्डिंग को तोड़कर यहां दो नई बिल्डिंग बनाई जाएंगी। इन्हें इस तरह से डिजाइन किया जाएगा, जिससे स्टेशन में भेड़ाघाट की संगमरमरी वादियों की झलक दिखाई दे। इतना ही नहीं दोनों बिल्डिंग के बीच में पानी की लहरें दिखाई देंगी, जिससे भेड़ाघाट का दृश्य निर्मित होगा। दरअसल स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए जिस निजी एजेंसी को काम सौंपा गया है, उसने जबलपुर रेल मंडल को चार डिजाइन तैयार करके की है। इसमें से एक डिजाइन को लगभग फाइनल कर दिया गया है। इसमें मुख्य बिल्डिंग को भेड़ाघाट की तर्ज पर बनाया जाना है।



### चार डिजाइन में से एक फाइनल

शहर के प्राचीन इतिहास, प्राकृतिक सौंदर्य, नर्मदा घाट और पर्यटन को ध्यान में रखकर मुख्य रेलवे स्टेशन का डिजाइन करना है। इसके लिए रेलवे ने दिल्ली की निजी एजेंसी को काम सौंपा था, जिसने चार ड्राइंग बनाई हैं। इसमें पहली ड्राइंग में चौसठ योगनी मंदिर की तस्वीर को मुख्य बिल्डिंग पर दिखाया गया है। दूसरी ड्राइंग में नर्मदा नदी के सौंदर्य को और तीसरी ड्राइंग में भेड़ाघाट की तस्वीर को उकेरा गया है। वहीं चौथी ड्राइंग में जबलपुर के प्राचीन मंदिरों की झलक दिखाई गई है। इसमें से भेड़ाघाट के सौंदर्य को दिखाती तस्वीर को फाइनल किया गया है। हालांकि अभी इसमें कुछ और सुधार किए जाने हैं। यह काम पूरा होते ही जबलपुर स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की तस्वीर साफ हो जाएगी।

### प्लेटफार्म के ऊपर चार मंजिला बिल्डिंग

रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय बनाने के लिए देश ही नहीं बल्कि अन्य देशों के रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट का अध्ययन किया गया है। इसमें रेल अधिकारियों ने जिस ड्राइंग पर सहमति दिखाई है, उसमें जबलपुर रेलवे स्टेशन के सभी छह प्लेटफार्म के ऊपर विशाल ड्रोम और चार मंजिला बिल्डिंग बनेगी। विशाल ड्रोम की मदद से यात्री किसी भी प्लेटफार्म पर जा और आ सकेगा। वहीं चार मंजिला बिल्डिंग में से पहली में यात्री सुविधा, दूसरे में रेल कार्यालय, तीसरे में रेस्टोरेंट और चौथी मंजिल में रिटायरिंग रूम होगा। इसके अलावा प्लेटफार्म पर नीचे से जाने के लिए कोई विकल्प नहीं दिया जाएगा।

# 18 महीनें के लिए मिल रहा बिना ब्याज का ऋण



**जबलपुर यशभारत।** सड़क किनारे कारोबार करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पीएम स्व-निधि योजना के तहत 50 हजार रुपए का ऋण लेने वाले हितग्राहियों की संख्या बढ़ रही है। बैंकों की तरफ से ज्यादा राशि वाले ऋण प्रकरणों का निपटारा तेजी से किया जा रहा है। दूसरी तरफ 10 और 20 हजार रुपए के ऋण प्रकरणों में राशि का वितरण उस गति से नहीं हो पा रहा है। कोरोना काल में लॉकडाउन से बुरी तरह प्रभावित हुए छोटे कारोबारियों को उनके कारोबार को दोबारा शुरू करने के लिए सरकार की तरफ से पीएम स्व-निधि योजना शुरू की गई थी। इसमें उन्हें बिना ब्याज का ऋण बैंकों के माध्यम से देना शुरू किया गया था।

**शिवाय इण्डस्ट्रीज रिछाई**

प्रोफाइल शीट और टेंट की सामग्री हेतु मार्केटिंग के लिए अनुभवी और योग्य सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

योग्यता- ग्रेजुएशन
संपर्क करें- 9340164699
अनुभव- 1 वर्ष
ऑफिस का पता- बीजेपी कार्यालय के सामने श्री कृष्णा स्टील के बाजू में रानीताल जबलपुर (मप्र)

**मकान किराए से देना है**

3BHK फ्लैट
शिवहरि अपार्टमेंट
4th फ्लोर D-6
रेंट 20000/- प्रति माह
AC available in all 3 badroom
Contact : 6263185583
8817516005

**केन्द्रीय विद्यालय गढ़ा, जबलपुर**

**साक्षात्कार Walk-In-Interview हेतु सूचना**

केन्द्रीय विद्यालय गढ़ा जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2023-24 हेतु पूर्णतः अंशकालीन के आधार पर शिक्षक/शिक्षिकाओं के पैनल बनाने हेतु साक्षात्कार Walk-in-Interview दिनांक 22.03.2023 एवं 23.03.2023 को प्रातः 9.00 बजे से आयोजित किया जाएगा। मात्र उम्मीदवार समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों को संलग्न कर पूर्णतः भरा हुआ आवेदन फार्म विद्यालय में दिनांक 15.3.2023 को दोपहर 2.00 बजे तक केन्द्रीय विद्यालय गढ़ा जबलपुर के कार्यालय में जमा कर सकते है। फार्म, शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य जानकारी विद्यालय की website:https://garha.kvs.ac.in से डाउनलोड करें।

**दिनांक 22.03.2023 (दिन बुधवार) :-** प्राथमिक शिक्षक, कम्प्यूटर प्रशिक्षक, योगा शिक्षक, विशिष्ट शिक्षक (Special Educator), स्पोर्टस कोच।

**दिनांक 23.03.2023 (दिन गुरूवार) :-** टीजीटी (अंग्रेजी/हिन्दी/गणित/सामाजिक विज्ञान/विज्ञान/संस्कृत)।

प्राचार्य

## कमलनाथ बोले–शिवराज ने 20 दिन में 12 हजार करोड़ की घोषणाएं की

# शिवराज सरकार से 18 साल का हिसाब मांगेगी कांग्रेस

**भोपाल, यशमध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में कांग्रेस पार्टी प्रदेश की शिवराज सरकार से भाजपा के 18 साल के शासन हिसाब मांगेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के आवास पर सोमवार देर शाम कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से यह फैसला किया गया। बैठक में कमलनाथ ने आरोप लगाया कि शिवराज सिंह चौहान लगातार झूठी घोषणाएं कर रहे हैं, लेकिन यह नहीं बताते कि इन घोषणाओं पर अमल क्यों नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 20 दिन में शिवराज सिंह ने 12 हजार करोड़ की योजनाओं की घोषणा की है, लेकिन इन्हें अमल में लाने के लिए बजट का प्रावधान नहीं है। इसी अवधि में सरकार ने 10 हजार करोड़ से ज्यादा का कर्ज ले लिया है।**



बैठक के बाद पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोट और विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि बैठक में फैसला किया गया है कि शिवराज सरकार के इस अंतिम बजट सत्र में उनके कार्यकाल का हिसाब लिया जाएगा। शिवराज सरकार ने कमलनाथ सरकार के दौरान शुरू की गई कई जन कल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी हैं। आदिवासी, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, महिलाओं और बेरोजगारों के लिए कमलनाथ सरकार में जो काम शुरू किए गए थे, उन्हें शिवराज सरकार ने बंद कर दिया। बैठक को नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति ने भी संबोधित किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी व कांतिलाल भूरिया भी बैठक में मौजूद रहे। उन्होंने पूछा कि इस बार प्रदेश सरकार विधायकों को टैबलेट में बजट उपलब्ध करा रही है, लेकिन हमारा सवाल है कि शिवराज सरकार के पास ऐसी कौन सी टैबलेट है, जिससे वे जनता को राहत पहुंचाएंगे। शिवराज सरकार में मध्यप्रदेश बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न, आदिवासी अत्याचार और कर्ज लेने में नंबर वन बनता जा रहा है।बैठक को नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति, तरुण भनोट, बाला बच्चन, जीतू पटवारी, संजय यादव सहित कई विधायकों ने संबोधित किया। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी व कांतिलाल भूरिया सहित कांग्रेस विधायक मौजूद थे।

### बयानबाजी पर विधायक रहें सतर्क

मध्यप्रदेश कांग्रेस में अक्सर होने वाली बयानबाजी को लेकर केन्द्रीय नेतृत्व ने सख्ती दिखाई है। मुख्यमंत्री पद को लेकर बीते दिनों हुई बयानबाजी को कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व ने गंभीरता से लिया है। छत्तीसग? की राजधानी रायपुर में हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में बेवजह विरोधाभाषी बयानबाजी करने वाले नेताओं को हिदायत दी गई है। विधायक दल की बैठक में शामिल होने पहुंचे पूर्व मंत्री और कांग्रेस के सीनियर लीडर सज्जन सिंह वर्मा ने कहा- जो लोग बयानबाजी करते हैं, इस पर रोक लगाई जाएगी। इससे पार्टी डैमेज होती है। यह आलोचना का नहीं, चिंतन का समय है। कर्म को करके दिखाने का समय है। चाहे कितने भी बड़े कद का नेता हो। अनावश्यक बयान बाजी ना करें।

### कमल नाथ बोले, मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिमाह देंगे भत्ता

भोपाल यशभारत। आगामी नवंबर महीने में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शिवराज सरकार का मास्टर स्ट्रोक मानी जा रही मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की काट में कांग्रेस निश्चित भत्ता योजना प्रस्तुत करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने सोमवार को मीडिया से चर्चा में कहा कि सरकार में आने पर हम महिलाओं को भत्ता देंगे। हालांकि, यह कितना होगा, इसका खुलासा नहीं किया गया है। शिवराज सरकार ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा की है। प्रदेश में दो करोड़ 60 लाख 23 हजार 733 महिला मतदाता हैं।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़े वर्ग को साधने के लिए लाड़ली बहना योजना लागू करने की निर्णय लिया है। इसमें 23 से 60 वर्ष तक की विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे। प्रारंभिक आकलन के अनुसार एक करोड़ से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह योजना का लाभ मिलेगा। इसे विधानसभा चुनाव के नजरिये से बड़ा कदम माना जा रहा है। कांग्रेस ने इसकी काट के लिए प्रतिमाह निश्चित भत्ता देने की योजना लाने का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने

## न्यूज ब्रीफ

### मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा संगठन ने शुरू की तैयारी

भोपाल, यशभारत।

लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा चुनाव है, 240 दिन शेष बचे हैं। दो तिहाई मतों से विजय हासिल करनी है। इसके लिए हर मोर्चा ऐसे कार्यक्रमों की योजना बनाए, जिसकी समाज में चर्चा हो। जनता से सीधे जुड़ाव वाली कार्ययोजनाओं को प्राथमिकता में रखें। यह बात सोमवार को भोपाल में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने सात मोर्चों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि पार्टी का हर मोर्चा योजनाओं के आधार पर हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें भाजपा से जो?। प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव ने कहा कि पिछले चुनाव में हमारा वोट शेयर 41 प्रतिशत था, इसे बढ़ाकर 51 प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि सभी मोर्चा अपने-अपने क्षेत्र में योजनाओं के माध्यम से समाज के बीच पहुंचे। एडवांस प्लानिंग कर उसे बूथ स्तर तक ले जाएं और अधिक से अधिक प्रवास करें। आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के साथ बूथ विस्तारक अभियान-2 में भी मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि हितग्राही वर्गों के श्रेणी अनुसार सभी मोर्चा लाभार्थी सम्मेलन आयोजित करेंगे। मध्य प्रदेश में 30 लाख से अधिक नवमतदाता हैं।

### तीन मार्च से होगी शुरू,पटना जाने के लिए तीन–तीन ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन

भोपाल, यशभारत।

होली के चलते लगातार ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के लिए रेलवे ने डॉ.अम्बेडकर नगर-पटना के मध्य तीन-तीन ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। इसमें गाड़ी संख्या 09343 डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना होली स्पेशल ट्रेन 3. 10 एवं 17 मार्च (शुक्रवार) को डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन से सुबह 5.05 बजे प्रस्थान कर सुबह 8.28 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी। फिरअगले दिन सुबह 4 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09344 पटना-डॉ. अम्बेडकर नगर होली स्पेशल ट्रेन 4, 11 एवं 18 मार्च (शनिवार) को पटना स्टेशन से सुबह 7.20 बजे प्रस्थान कर अगले दिन, रात 1.53 बजे संत हिरदाराम नगर पहुंचेगी। यह ट्रेन सुबह 6.15 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन रास्ते में दोनों दिशाओं में इंदौर, देवास, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मु?वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

### कलियासोत–केरवा में बढ़ेगी ट्रैप कैमरों की संख्या, खरीदा जाएगा नया गश्त वाहन

भोपाल, यशभारत।

कलियासोत और केरवा में लगातार घूम रहे बाघों पर बारीकी से नजर रखने के लिए वन क्षेत्र में ट्रैप कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए पुराने हो चुके गश्त वाहन की जगह नया गश्त वाहन भी खरीदा जाएगा। रविवार को डीएफओ भोपाल के साथ कलियासोत और केरवा वन क्षेत्र में वन्य प्राणियों की सुरक्षा में लगे वनरक्षकों की परेशानियां जानने के बाद सुझावों के आधार पर जंगल में सुरक्षा के लिए नए उपकरण खरीदने पर सहमति बनी।डीएफओ गर्मी के मौसम में जंगल में लगने वाली आग की रोकथाम को लेकर कर्मचारियों की बैठक ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को साफ कर दिया कि गर्मी के दौरान गश्त में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ज्यादातर ग्राहक युवा

# क्राइम ब्रांच ने सात दिन में मादक पदार्थ एमडीएमए की दो खेप पकड़ीं

भोपाल, यशभारत।




राजधानी में इन दिनों छात्रों और युवाओं की मांग पर एमडीएमए नाम का अतिउत्तेजक मादक पदार्थ उतराखंड से तस्करी कर खपाया जा रहा है। क्राइम ब्रांच ने एक हफ्ते में ऐसे तीन मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर इसका राजफाश किया है। अब उस गिरोह की तलाश की जा रही है, जो इन लोगों को मादक पदार्थ भेज रहा है। इसके लिए इंटरनेट मीडिया का उपयोग किया जा रहा है। यह अति उत्तेजक एमडीएमए आसानी से नहीं मिलता है, इसलिए इसकी अचानक से तस्करी बढ़ने से क्राइम ब्रांच भी चिंतित है।अधिकारियों के मुताबिक रविवार रात क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एक युवक गोविंदपुरा दशहरा मैदान की सीढ़ियों पर बैठा है और किसी का इंतजार कर रहा है। इस पर दो टीमें मौके पर पहुंचीं। पुलिस को देखक युवक भागने लगा तो घेराबंदी कर उसे पकड़ा और क्राइम ब्रांच थाने लाया गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपित मादक पदार्थ तस्कर है। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को चमकीला सा क्रिस्टलनुमा दानेदार पदार्थ मिला। चेक करने पर वह एमडीएमए नाम का मादक पदार्थ निकला। आरोपित सिद्धार्थ राव (28) निवासी बालाजी नगर जेके रोड के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया। आरोपित ने बिजनेस प्रबंधन की पढ़ाई की है। फिलहाल एक कंपनी में मार्केटिंग का काम कर रहा है।

### इंटरनेट मीडिया पर करता है संपर्क

आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह अपने दोस्तों के लिए यह एमडीएमए उतराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ से मंगवाता है। वह दोस्त को संदेश भेजता है तो वह कभी कोरियर तो कभी अन्य जरिए से भोपाल भेज देता है। पुलिस अब उस आरोपित की तलाश में लगी है। 20 फरवरी को पुलिस ने सोएब बेलिम और आकाश शुक्ला नाम के दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से करीब 15 ग्राम एमडीएमए मिला था। अब पुलिस को सात ग्राम एमडीएमए मिला है। दोनों तस्करों की लिंक उतराखंड ही मिली है। एमडीएमए अति उत्तेजक मादक पदार्थ है। इससे 40 से 45 मिनट में नशा चढ़ने लगता है। इसका नशा करने वालों में ज्यादातर छात्र और युवा हैं, इसलिए इसकी मांग ज्यादा रहती है।



### शान के लिए नहीं, जान के लिये पहना जाता है स्पेससूट– सारिका घारू

भोपाल, यशभारत।

भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान में चंद्रयान, मंगलयान की सफलता के बाद अब गगनयान की तैयारियां जारी है। अंतरिक्ष अभियानों में अंतरिक्ष यात्री द्वारा पहने जाने स्पेससूट सिर्फ मोटे कपड़े नहीं हैं, बल्कि ये मानव के आकार का लघुयान की तरह होता है। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने स्पेससूट का साइंस बच्चों को समझाया। सारिका ने बताया कि स्पेससूट दो प्रकार के होते हैं। पहले का उपयोग धरती से अंतरिक्ष में जाने और फिर लौटने के लिए किया जाता है। दूसरा, स्पेसवाक के लिए उपयोग किया जाता है।सारिका ने बताया कि स्पेससूट में कपड़ा में लगभग 300 फीट पानी की नलियों को बुना जाता है। इनमें अंतरिक्ष यात्री की त्वचा के पास ठंडा पानी बहता है। स्पेससूट में दस्ताने इस प्रकार होते हैं कि उंगलियां अच्छे से हिला सकें। इनमें हीटर लगे होते हैं जो उंगलियों को गर्म रखते हैं।

## डाक्टर के घर का ताला तोड़कर जेवरात सहित ढाई लाख की चोरी

भोपाल, यशभारत।

राजधानी के पिपलानी इलाके में एक डाक्टर के घर का ताला तोड़कर चोरी का मामला सामने आया है। घटना के समय डाक्टर शादी में परिवार के साथ गए थे। इस दौरान चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात के साथ करीब ढाई लाख का सामान चोरी कर लिया। शिकायत मिलने पर पुलिस ने चोरी की एफआइआर दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पिपलानी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 52 बी गोपाल नगर पिपलानी में रहने वाले 28 साल के मनीष कुमार जनरल फिजिशियन हैं। वह 22 फरवरी को रात करीब नौ बजे घर का ताला लगाकर परिवार को साथ छोला इलाके में शादी में गए थे। रात करीब ढाई बजे जब वह वापस लौटे तो घर के दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था। चेक करने पर सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने का पता चला। पुलिस आवासीय परिसर से पीतल के नोजल चोरी इधर, गोविंदपुरा में पुलिस



आवासीय परिसर निवासी 47 वर्षीय बोहरन सिंह ने शिकायत में बताया कि कालोनी के ब्लाक तीन में फायर सेफ्टी सिस्टम लगे हैं। इनकी संख्या 264 है। इनके पाइप में पीतल के नोजल लगे थे। 25 फरवरी को कुछ पुलिस कर्मियों ने देखा कि फायर सेफ्टी सिस्टम के अधिकांश नोजल चोरी हो गए।

### एमबीए की छात्रा की आत्महत्या, स्टेटस में लिखा– सुसाइड करना कायरों का काम नहीं

**भोपाल , यशभारत।** भोपाल के अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एमबीए की एक छात्रा का शव फंदे पर लटका मिला है। उसके माता-पिता और भाई की बीमारी से पहले ही मौत हो चुकी है। उसके यहां मृदुल शर्मा नाम के युवक का आना-जाना था। मृदुल उसका दोस्त है। उसी ने पुलिस को सूचना दी। हालांकि, मृदुल ही मृतका का मोबाइल लेकर थाने पहुंचा था। पुलिस का तर्क है कि उसने दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया है। पुलिस कह रही है कि युवती डिप्रेशन में थी। इस वजह से उसने आत्महत्या कर ली है। अयोध्या नगर पुलिस के अनुसार सिमरन मुद्गल पुत्री स्वर्गीय संतोष मद्गल (25) अभिनव होम्स, फेज-3 में रहती थी। एक निजी कॉलेज से एमबीए कर रही थी। रविवार को छात्रा घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। फोन रिसीव नहीं होने पर सिमरन का दोस्त मृदुल शर्मा जब उसके घर पहुंचा तो वह फंदे पर लटकी हुई थी। इसके बाद मृदुल ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## पहले दिन नहीं आया एक भी आवेदन

# शराब दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरू

भोपाल, यशभारत।

। जिले में शराब दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया सोमवार से शुरू की गई है, लेकिन पहले दिन ही एक भी आवेदन नहीं आया है। इसके लिए आबकारी अधिकारी देर शाम तक इंतजार करते रहे। अब आबकारी विभाग ने मंगलवार को ठेकेदारों के साथ बैठक बुलाई है। इस दौरान आबकारी अधिकारी ठेकेदारों को नई आबकारी नीति के बारे में समझाएंगे। बता दें कि जिले की 90 शराब दुकानों में से तीन दुकानों को छोड़कर शेष 87 दुकानों के नवीनीकरण, लाटरी और ठेकों की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए आबकारी ने शासन को प्रस्ताव भी भेज दिया है।



### यह है प्रक्रिया

- नवीनीकरण के लिए आवेदन फार्म तीन मार्च तक जमा किए जा सकेंगे।
- नवीनीकरण के आवेदन पत्र सहित शराब दुकानों के एकल समूहों पर इच्छुक पात्र आवेदक को लाटरी आवेदन पत्र की बिक्री छह मार्च को की जाएगी।
- पात्र आवेदकों द्वारा दुकानों की लाटरी के लिए आवेदन छह से नौ मार्च तक किए जा सकेंगे।
- नवीनीकरण तथा लाटरी के लिए आए आवेदनों का जिला समिति द्वारा परीक्षण कर 10 मार्च को ठेके जारी होंगे।
- आनलाइन टेंडर की प्रक्रिया 13 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च को दोपहर दो बजे तक चलेगी। ढाई बजे के बाद टेंडर खुल जाएंगे।

## 27 एंड बियांड : इम्पोर्टेंस एंड की लर्निंग

# जंगल बचाने के लिए एप्को और डब्ल्यूआरआइ इंडिया के बीच हुआ अनुबंध

भोपाल, यशभारत।

राजधानी में सोमवार को जलवायु परिवर्तन और वन सरंक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय च्नालेज शेयरिंग आन काप-27 एंड बियांड‑ इम्पोर्टेंस एंड की लर्निंगज्था। यहां पिछले वर्ष नवंबर में मिस्त्र में हुए जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी-27 के मुख्य बिंदुओं पर बात की गई। इसके साथ ही वक्ताओं ने प्रजेंटेशन के जरिए जलवायु परिवर्तन और उसके परिणामों पर भी बातचीत की। इस दौरान वर्ल्ड रिसोर्स इंस्टीट्यूट इंडिया (डब्ल्यूआरआई) और एप्को के बीच एक एमओयू साइन किया गया। इसके जरिए मध्यप्रदेश में अगले 5 साल तक जलवायु परिवर्तन और जंगलों के संरक्षण संबंधी काम किए जाने पर ध्यान दिया जाएगा।इस कार्यशाला में एप्को के कार्यपालन संचालक मुजीबुर्रहमान खान ने डब्ल्यूआरआइ इंडिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि मैं आशा करता हूं कि एमओयू से राज्य में अगले पांच वर्ष में उपयोगी एवं सार्थक प्रयास किए जाएंगे। जिसके परिणामस्वरूप हम सस्टेनेबल और ग्रीन डेवलेपमेंट की ओर परस्पर ठोस कदम बढ़ाएंगे। वहीं एप्को, राज्य एवं जिला स्तर पर डब्ल्यूआरआई इंडिया और संबंधित विभागों को समस्त प्रकार की संस्थागत एवं तकनीकी सहायता देना जारी रखेगा। कार्यशाला में राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र के समन्वयक लोकेन्द्र ठक्कर ने कहा कि एप्को मप्र शासन की विशिष्ट संस्था है, जो राज्य शासन को पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर परामर्श देने के साथ शोध अध्ययन, योजना कार्य तथा प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। इस कार्यशाला में भोपाल के प्रमुख अकादमिक संस्थानों और विषय विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। वक्ताओं ने प्रजेंटेशन के बीच यहां शामिल हुए लोगों से सवाल भी किए। कृषि, जल संसाधन, पर्यटन और ऊर्जा क्षेत्रों में बड़ी चुनौती ग्लोबल पालिटिकल स्ट्रेटेजी के हेड और कार्यशाला के मुख्य वक्ता हरजीत सिंह ने कार्यशाला में च्लास एंड डेमेज फंड और जलवायु परिवर्तन में सुधार लाने के लिए भारत किसी भी क्षतिपूर्ति का इस्तेमाल कैसे कर सकता हैज विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मप्र में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव ज्यादा पड़ने की संभावना है। ये कृषि, जल संसाधन, पर्यटन और ऊर्जा क्षेत्रों में एक बड़ी चुनौती रहेगी। फिलहाल जो नीतियां हैं उनके साथ हमें तकनीकी और वित्तीय संसाधनों की जरूरत है। इसके अलावा स्थानीय स्तर के समाधानों को बढ़ाने और पर्यावरण के अनुसार नीतियां बनाना भी






### भोपाल की रात हुई गर्म , न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस

भोपाल, यशभारत।

फरवरी का महीना जाते जाते उत्तर भारत में तेज गर्मी पड़ने लगी है। तेज धूप लोगों को अप्रैल-मई जैसे मौसम का एहसास करा रही है। मध्य प्रदेश में भी तापमान काफी बढ़ गया है, जिससे अभी से लोगों को पसीना आने लगा है। यहां बढ़ती गर्मी से लोगों को अभी से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि गर्मी इसबार कई पुराने रिकार्ड को तोड़ने की तैयारियों में है। एमपी में रात का न्यूनतम तापमान भी 18 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। राज्य में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। प्रदेश के सभी जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस को पार पहुंच चुका है। एमपी के ज्यादातर जिलों में न्यूनतम तापमान भी 15 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा चला गया है ।

# बेटी बचाओ और जल है तो कल है का बच्चों ने दिया संदेश

### किडजी में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**सिहोरा, यशभारत।** नगर के किडजी मन्चकिन्स स्कूल के वार्षिकोत्सव में जब बच्चों ने बेटी और जल को बचाने का संदेश दिया तो हर कोई सोचने मजबूर हो गया की खेलने की उम्र में भी इन नन्हें नन्हें बच्चों को भी आखिर देश की कितनी चिंता है। वार्षिकोत्सव का आयोजन शिशु रोग विशेषज्ञ डाक्टर रोहित साहू के मुख्यातिथ्य एंव संस्था प्रमुख भुवन विश्वकर्मा की अध्यक्षता किया गया जिसमें विद्यालय के अध्यात्म मिश्रा,अविका लोधी,दर्शिता लोधी,घ्रातिका यादव, कार्तिक पटेल,मरीफा खान,अवनी पोहरकर,निष्ठा काछी,मानवेंद्र सिंह,अराध्या मिश्रा और सानवी विश्वकर्मा आदि बच्चों ने बेटी बचाओ,जल है तो कल है,मोबाइल एडिक्शन और एजुकेशन थीम पर अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की शिक्षिकाएं अंशिता कनकने,नीरजा तिवारी,शेफाली चौरिसिया,वंदना गुप्ता,पूजा पांडे,शोभना मिश्रा एवं आरजू विश्वकर्मा का सराहनीय योगदान रहा।



# आराधना उपाध्याय का निधन



सिहोरा, यशभारत। वार्ड नंबर 16 खितौला निवासी शिक्षिका आराधना उपाध्याय उम्र 52 वर्ष का गत दिवस निधन हो गया। सूरज प्रसाद कुररिया माध्यमिक शाला में पदस्थ श्रीमती उपाध्याय राजेश उपाध्याय की धर्मपत्नी थी अंतिम संस्कार सोमवार को हिरण नदी घाट मैं किया गया।

# बीईओ उपाध्याय ने किया अनुष्का का सम्मान

**सिहोरा, यशभारत।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सिहोरा अशोक कुमार उपाध्याय ने नगर की प्रतिभाशाली छात्रा अनुष्का त्रिवेदी का भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा आयोजित सी एस परीक्षा 2022-23 प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण होने पर सी एस में चयन होने पर विद्यालय में माला एंव पहनाकर सम्मान किया।अनुष्का शिक्षक अनुरूद्ध श्रीमती विजया त्रिवेदी की पुत्री है।आपने बिना किसी आफलाइन कोचिंग के यह परीक्षा पास की है। इसी श्रृंखला में अनुष्का के भाई अनूप त्रिवेदी का बैंक सर्विसेज में चयन होने पर उनका भी सम्मान किया।



## नाबालिग का अपहरण

# घर से किराना दुकान गयी थी किशोरी, फिर नहीं पहुंच सकी घर

**जबलपुर, यशभारत।** शहर के अधारताल थाना अंतर्गत एक नाबालिग किशोरी के अपहरण का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां घर से किराना दुकान सामान लेने गई किशोरी अचानक गायब हो गयी । परिजनें ने आसपास खोजबीन की लेकिन कहीं भी जब किशोरी का सुराग नहीं मिला तो थकहार कर, थाने पहुंचे। जिसके बाद मुस्तैद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, किशोरी को खोजने प्रयासरत है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र से 14 वर्षीय किशोरी की परिजनों ने शिकायत दर्ज करवाई है। बताया जा रहा है कि किशोरी घर से बाहर किराना दुकान गई थी, लेकिन फिर वहां से वापस घर नहीं लौट सकी। परिजनों को अंदेशा है कि उनकी नाबालिग बेटी को कोई बहलाकर ले गया है। जिसका सुराग लगाने पुलिस शहर के प्रमुख मार्गो सहित रेलवे स्टेशन, बस स्टाप के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाल रही है।

# तेंदूखेड़ा क्षेत्र में कन्या विद्यालय सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र

**नरसिंहपुर यभाप्र।** आगामी एक मार्च से माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरू हो रही कक्षा दसवीं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर परीक्षा केंद्रों पर तैयारियां अपने अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें तेंदूखेड़ा में बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल डोभी, उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल देवरी राजमार्ग, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल विल्थारी, शासकीय हाईस्कूल भामा, शासकीय हाईस्कूल मदनपुर, और शासकीय हाईस्कूल विलगुवां प्रमुख रुप से शामिल हैं। इनमें तेंदूखेड़ा के कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र होगा जिसमें कक्षा दसवीं में 321छात्र तथा बारहवीं में 414छात्र बैठेंगे। इस में सर्वोदय विद्यालय हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के छात्र ज्ञानोदय,बालक उच्चतर विद्यालय तेंदूखेड़ा, ज्योर्तिमय स्कूल तथा टेकापार हाईस्कूल के छात्र शामिल रहेंगे। जबकि बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 134 छात्र तथा बारहवीं में 188 छात्र शामिल हो रहे हैं जिसमें कन्या उच्चतर विद्यालय, और इमझिरा स्कूल के छात्र शामिल होंगे। तेंदूखेड़ा के बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र को संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाया गया है, एवं सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल देवरी राजमार्ग परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 203 तथा बारहवीं में 266 छात्र शामिल होंगे यहां पर बिलहरा हाईस्कूल एवं शारदा विद्या निकेतन राजमार्ग तथा आदर्श ज्ञान ज्योति लोलरी के छात्र बैठेंगे। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल डोभी में कक्षा दसवीं में 192 छात्र तथा बारहवीं में 205 छात्र बैठ रहें हैं। यहां पर ज्ञानभूमि स्कूल, शिक्षा पब्लिक स्कूल, ज्ञानोदय, बालक उच्चतर विद्यालय डोभी के छात्र बैठेंगे। उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 84 एवं बारहवीं में 125 छात्र बैठेंगे, इस केंद्र में चांवरपाठा के साथ साथ काशीखेरी हाईस्कूल के छात्र बैठेंगे। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल बिल्थारी परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 45और बारहवीं में 36 छात्र बैठ रहें हैं,यह क्षेत्र का सबसे छोटा परीक्षा केंद्र है। शासकीय हाईस्कूल मदनपुर परीक्षा केंद्र में 111 छात्र बैठेंगे जिसमें सर्रा, मर्रावन, और मदनपुर हाईस्कूल के छात्र शामिल हैं। वहीं विलगुवां हाईस्कूल परीक्षा केंद्र में कक्षा दसवीं में 77 तथा बारहवीं में 78छात्र ही बैठ रहें हैं जिसमें बाल विद्या मंदिर गुटोरी,पीपरवानी हाईस्कूल और विलगुवां के ही छात्र बैठेंगे। परीक्षा केंद्र शासकीय हाईस्कूल भामा में 83 छात्र बैठ रहें हैं। यहां पर शासकीय हाईस्कूल हीरापुर और ललिता विद्या पीठ हीरापुर के छात्र शामिल होंगे। संपूर्ण चांवरपाठा विकास खंड में यदि देखा जाए तो हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 1250 और हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में 1312 छात्र बैठ रहें हैं। शिक्षा मंडल ने इस बार कुछ नये नियम बनाए हैं जिसमें परीक्षार्थियों को अब अलग से सप्लीमेंट्री की कापी नहीं मिलेगी एक साथ 32 पन्नों की उत्तर

### दुग्ध व्यवसाय से जुड़कर स्वावलम्बी बनी कृष्णा कहार

**नरसिंहपुर यभाप्र।** जिले के ग्राम खमरिया-जरजोला की रहने वाली कृष्णा कहार आजीविका मिशन के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय से जुड़कर स्वावलम्बी बन गई हैं। श्रीमती कहार बताती है कि वे पिछले वर्षों में महालक्ष्मी स्व सहायता समूह से जुड़ी हैं। समूह को 3 लाख का लोन मिला है, जिससे भैंसे खरीदकर दुग्ध व्यवसाय समूह की महिलाओं ने शुरू किया है।

# योग यज्ञ प्रवचन व वेदकथा आज से

**नरसिंहपुर यभाप्र।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 199 वीं जयंती पर पंडित राममनोहर तिवारी आर्य समाज मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रम आज 27 फरवरी से प्रारंभ होंगे। आर्य समाज आयोजन समिति ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के तहत 27, 28 फरवरी एवं 1 मार्च को अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिसमें योग, यज्ञ, प्रवचन एवं वेद कथा प्रमुख हैं। कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन प्रात: 6. 15 से 7. 30 बजे तक योग, प्रात: 8. 30 से 10. 30 तक यज्ञ हवन, दोपहर में 2 से 5. 30 बजे तक वेदकथा सत्संग एवं प्रवचन होंगे। तीन दिवसीय योग यज्ञ प्रवचन एवं वेदकथा में देश के अनेक विद्वान और आर्य समाज के पदाधिकारी भाग लेंगे जिसमें मुख्य रूप से नरेशदत्त आर्य विजनोर, नरेन्द्र दत्त विजनोर, धीरेन्द्र पांडे जबलपुर, सुर्दशन आर्य भोपाल, रामरतन लोधी जबलपुर, दीप्ति आर्या देहरादून के अलावा देश के कई हिस्सों से अतिथि और प्रमुख वक्ताओं का आगमन होगा।

# बेटी को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिलने से प्रसन्न हैं :पूनम रैकवार

**नरसिंहपुर यभाप्र।** विकास यात्रा 2023 के अंतर्गत जिले में 5 फरवरी से 28 फरवरी तक विकास यात्रायें निकाली जा रही हैं। इस दौरान हितग्राहियों को लाभांवित किया जा रहा है। इसी क्रम में गयादत्त वार्ड नरसिंहपुर की श्रीमती पूनम रैकवार की बेटी को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ मिलना शुरू हो गया है। श्रीमती रैकवार का कहना है कि इस योजना से उनकी बेटी को पढ़ाई में मदद मिलेगी। इससे भविष्य में बेटी के लालन- पालन में कोई दिक्कत नहीं होगी। इसके लिए श्रीमती रैकवार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती हैं।

विकास यात्रा के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना के अंतर्गत गयादत्त वार्ड नरसिंहपुर की श्रीमती प्रिया नेमा की बेटी को एक लाख 18 हजार रुपये का प्रमाण पत्र दिया गया। श्रीमती नेमा बताती हैं कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत एक लाख 18 हजार रुपये की राशि से वे अपनी बच्ची को अच्छी शिक्षा देंगें और उसकी अच्छे से परवरिश करेंगें। मेरी बेटी की पढ़ाई की चिंता अब मैं नहीं बल्कि उसके मामा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर रहे हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना ने मेरी बेटी की पढ़ाई की चिंता दूर की है।

# सूरज स्व सहायता समूह की महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

नरसिंहपुर यभाप्र। महिलाओं को रोजगार से जोड़नेए आर्थिक रूप से सशक्त करने, आत्मनिर्भर बनाने के लिए ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गांव गांव स्व सहायता समूहों का गठन किया गया है।

इन स्व सहायता समूहों द्वारा महिलाएं विभिन्न गतिविधियों को संचालित कर अपनी आजीविका चला रही हैं। सूरज स्व सहायता समूह बडगुवां की सचिव श्रीमती दुर्गा मेहरा ने बताया कि आजीविका मिशन के माध्यम से उनके समूह को 6 लाख रूपये का लोन मिला है। समूह की महिलाएं दुकान, गौ एवं भैंस पालन सहित अन्य गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं। यह सब ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्व सहायता समूह के कारण संभव हुआ है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं ग्रामीण आजीविका मिशन को धन्यवाद दिया है।

# छात्रों को बांटी गई पठनीय सामग्री, भारत विकास परिषद की कार्यकारणी गठित

**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा नालसा एवं सालसा की वार्षिक कार्ययोजना के तहत ग्राम मानकपुर में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में शिविर आयोजित किया गया। जिसमें माननीय न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह, डॉ प्रकाश जैन, अधिवक्ता सुनील पटैल, बसंत पटेल विद्यालय का समस्त स्टॉफ, विधिक सेवा समिति कर्मचारीगण एवं विद्यार्थी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। न्यायाधीश महोदय, के द्वारा शिविर में उपस्थित समस्त विधार्थियों को बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई । वहीं पढ़ने-लिखने युक्त सामग्री स्केचपेन, स्केल, रबर, पेंसिल वितरित की, साथ ही उनके मूल अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें जागरूक भी किया गया। अंत में माननीय न्यायाधीश महोदय पुष्पेंद्र सिंह द्वारा विद्यार्थियों को अपने भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकानाएं देते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर डॉ, प्रकाश जैन ने भी अपनी बात रखी, तथा शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर देते हुये हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### भारत विकास परिषद तेंदूखेड़ा की निर्वाचन बैठक संपन्न

भारत विकास परिषद तेंदूखेड़ा की निर्वाचन बैठक जी के शर्मा कोर कमेटी एवं जल संवर्धन प्रमुख अलिन राजपूत नरसिंहपुर शाखा अध्यक्ष लक्ष्मण वैष्णव आशुतोष वर्मा प्रांतीय प्रमुख की उपस्थिति मे एड. गगन अग्रवाल के कार्यालय में संपन्न हुई जिसमें सर्व सहमति से भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सुधीर मिश्रा, उपाध्यक्ष रामकुमार ठाकुर, सचिव राजू पाली, कोषाध्यक्ष पंकज स्वदेशी, मीडिया प्रभारी अमित खरे को निर्विरोध निर्वाचित किया गया तथा भारत विकास परिषद महिला इकाई का प्रथम बार निर्वाचन सर्व सहमति से निर्विरोध संपन्न हुआ जिसमें नगर अध्यक्ष सुश्री ज्योति गगन अग्रवाल एवं सचिव पद पर सुश्री विभा त्रिलोक जैन को निर्विरोध निर्वाचित किया गया सभी पदाधिकारियों की नियुक्ति पर सदस्यों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

# जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय कक्षा 9 वीं प्रवेश चयन परीक्षा 5 मार्च को

**नरसिंहपुर यभाप्र।** जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश चयन परीक्षा रविवार 5 मार्च को प्रातः 10.15 से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश पत्र, फोटोयुक्त परिचय पत्र एवं काली स्याही के 2 बालपाइंट पेन के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से आवेदन क्रमांक एवं जन्मतिथि दर्ज कर डाउनलोड किये जा सकते हैं। परीक्षार्थी महत्वपूर्ण निर्देशों एवं प्रवेश पत्र में दर्ज जानकारी का भलि. भांति अध्ययन कर लें। प्रवेश परीक्षा के लिये जिले में 5 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इनमें परीक्षा केंद्र शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर शा. उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर, शा. एसडीएम कन्या उमावि स्टेशन गंज नरसिंहपुर, शा. नेहरू उमावि नरसिंहपुर एवं शा. उत्कृष्ट विद्यालय बाबई चीचली शामिल हैं।

# आजादी के बाद से उपेछित रेल खंड पर अब हो रहे निरंतर विकास के कार्य



जबलपुर यशभारत। जबलपुर रेल मंडल द्वारा मंडल के अधीन आने वाले सभी रेलवे स्टेशनो के विकास का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है, इसी कड़ी में मंडल के नरसिंहपुर स्टेशन मे यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्ट एवं कोच गाइडेंस सिस्टम का शुभारम्भ किया गया। इस स्टेशन के दोनो प्लेटफॉर्म में स्थापित दो लिफ्ट एवं कोच गाइडेंस सिस्टम का लोकार्पण नर्मदापुरम (होशंगाबाद) के सांसद उदय प्रताप सिंह एवं कैलाश सोनी (राज्यसभा), के कर कमलो से हुआ। इस अवसर पर नगरपालिका नरसिंहपुर के अध्यक्ष नीरज दुबे, रेलवे की सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल, सुदर्शन वैध, जितेन्द्र दुबे भी उपास्थित थे। समारोह के प्रारंभ में सांसद द्वय का स्वागत करने के उपरांत वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक विश्व रंजन ने अपने स्वागत भाषण में मंडल को मिली उपलब्धियां बताते हुए इस स्टेशन पर एक करोड़ दस लाख रूपये की लागत से निर्मित लिफ्ट एवं कोच गाइडेंस सिस्टम की उपयोगिता बताई। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद उदय प्रताप सिंह ने आजादी के बाद से उपेक्षित पड़े इस रेल खण्ड का उल्लेख किया और कहा कि वर्ष 2014 के बाद इस खंड ने रेलवे के विकास की इबारत लिखी है। उन्होने नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र के 7 स्टेशनों को अमृत स्टेशन में शामिल किए जाने, एस्केलेटर, प्लेटफॉर्म की साफ-सफाई, स्टेशन की स्वच्छता, रेलवे टेऊक्र, रेलवे विकास, वर्तमान में नरसिंहपुर स्टेशन में 39 जोड़ी टेऊनों के स्टापेज, की बात कही। समारोह को संबोधित करते हए सांसद श्री कैलाश सोनी ने शटल टेऊन को फिर से प्रारम्भ करने की बात करते हुए ओवर नाइट टेऊन का करेली स्टेशन में ठहराव दिए जानें की बात की। श्री सोनी ने इस सेक्शन में बने ओबर ब्रिज, अंडर ब्रिज, बेलखेड़ा-घाटपिंडराई और बागरातबा में दोहरी लाइन बनने ,एवं विद्युतिकरण, रेलवे की गति बढ़ाने के लिए रेलवे अधिकारियो का साधुवाद दिया।

# पमरे से गुजरेगी डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना-के मध्य तीन-तीन ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर यशभारत।** रेल प्रशासन द्वारा होली पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए डॉ.अम्बेडकर नगर-पटना-डॉ.अम्बेडकर नगर के मध्य तीन-तीन ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी *पमरे के संत हिरदाराम नगर, विदिशा,बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना स्टेशनों से होकर गन्तव्य को जायेगी। गाड़ी संख्या 09343 डॉ. अम्बेडकर नगर-पटना स्पेशल ट्रेन दिनांक 03.03.2023, 10.03.2023 एवं 17.03.2023 (शुक्रवार) को डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन से 05¬05 बजे प्रस्थान कर संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव लेकर गंतव्य दुसरे दिन 04¬00 बजे पटना स्टेशन पहुँचेगी।इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09344 पटना-डॉ. अम्बेडकर नगर स्पेशल ट्रेन दिनांक 04.03.2023, 11.03.2023 एवं 18.03.2023 (शनिवार) को पटना स्टेशन से 07.20 बजे प्रस्थान कर कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना, विदिशा एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर ठहराव लेकर गंतव्य दुसरे दिन 06¬15 बजे डॉ. अम्बेडकर नगर स्टेशन पहुँचेगी।

*कोच कंपोजीशन-* इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 06 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 08 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी एवं 02 जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

*गाड़ी के हाल्ट- * रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में इंदौर, देवास, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा,बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित, दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रीगण कृपया यात्रा के दौरान कोविड-19 से सम्बंधित सरकार द्वारा जारी सभी दिशा निर्देशों का पालन करें।

# 67 रेलवे अधिकारियों और 121 मुख्य लोको निरीक्षकों की गहन काउंसलिंग की

### पमरे पर रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलाया जा रहा रेल संरक्षा अभियान

जबलपुर यशभारत। रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर सहित तीनों मंडलों पर ट्रेनों के पटरी से उतरने की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए रेल संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रेलवे द्वारा जारी दिशानिर्देशानुसार ट्रेन के पटरी से उतरने, सिग्नल पासिंग एट डेंजर (एसपीएडी) और अन्य प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चलाये जा रहे संरक्षा अभियान के तहत जबलपुर मण्डल में विगत एक सप्ताह से रेल सरंक्षा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत पमरे के अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने झुकेही स्टेशन पर मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा चलाये जा रहे रेल संरक्षा अभियान के तहत रेल सरंक्षा से जुड़े सिग्नलिंग प्रणाली की बारीकी से देखा और आवश्यक दिशा निर्देश देकर समझाया गया। विगत सप्ताह में जबलपुर मण्डल द्वारा रेल संरक्षा अभियान के तहत 67 रेलवे अधिकारियों और 121 मुख्य लोको निरीक्षकों की गहन काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान सिग्नलिंग पहलुओं और ब्रेकिंग प्रथाओं के पालन, गति प्रतिबंधों का पालन, कार्य स्थल की सुरक्षा, शॉर्ट-कट आदि की रोकथाम के सम्बंध में समझाया गया। इसी तरह भोपाल मण्डल के बीना लॉबी में सहायक मंडल संरक्षा अधिकारी मानस रंजन परिडा द्वारा मुख्य लोको निरीक्षकों के साथ और कोटा मण्डल पर चलाये जा रहे संरक्षा अभियान के तहत कोटा लोको पायलट लॉबी एवं रंनिंग रूम में अपर मंडल रेल प्रबंधक आर.आर.के. सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विनोद कुमार मीना, सहायक मंडल विधुत इंजीनियर (टीआरओ) जितेन्द्र सिंह पाल द्वारा मुख्य लोको निरीक्षकों के साथ रेल संरक्षा से जुड़े रेल कर्मियों-सहायक लोको पायलटों/लोको पायलटों एवं अन्य स्टाफ की गहन काउंसलिंग की गई।



# टायर फटने से हुई दो ट्रकों में टक्कर



बेलखाडू, यशभारत। बीती रात कटंगी रोड बेलखाडू एवं सूरतलाई के बीच बिहरिया पेट्रोल पंप के पास हुआ भीषण हादसा दो ट्रक में हुई भिड़ंत ड्राइवर पारितोस अग्रवाल के मुताबिक कटंगी से वापस आ रहा था वह गाड़ी क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 5833 जो जबलपुर माल भरने के लिए आ रहा था जैसे ही पौडी तिराहा के पास पहुंचा ही था रास्ते में ही ट्रक क्रमांक एमपी 15 जी 3998 जोकि खराब हो गया था इस कारण रोड के किनारे खड़ा था अचानक मेरी गाड़ी का अगला टायर फट गया जिसके कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर सामने खड़ी गाड़ी से टकरा गई जिससे दोनों गाड़ी अनियंत्रित होकर रोड के दोनों साइड उतर गई जिसमें ड्राइवर एवं कंडक्टर को मामूली चोटे आई

# क्षेत्र में हो रही चोरियों पर पुलिस नहीं कस पा रही लगाम

### नगर में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में रोष व्याप्त।

गोटेगांव, यशभारत। नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव नगरीय क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में पुलिस के खिलाफ रोष व्याप्त है लोगों का कहना है कि चोरों के इतने हौसले बुलंद है कि नगर में बेखौफ होकर घरों में चोरी की वारदातों को लगातार अंजाम दे रहे हैं लेकिन पुलिस द्वारा किसी प्रकार की इन चोरों के खिलाफ कोई कार्यवाही या धरपकड़ अभियान नहीं चलाया जा रहा है जिसके चलते चोर लगातार नगर में चोरी कर रहे हैं कुछ दिन पूर्व रेवा नगर कॉलोनी स्थित नवीन निर्माणाधीन पुरुषोत्तम पीडी साहू के बन रहे मकान से लगभग 40 से 50 किलो लोहा चोरी कर चोर फरार हो गए वहीं दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी कॉलोनी से दो लोहे के नए दरवाजे चोर उठाकर ले गए जबकि पीडब्ल्यूडी प्रांगण परिसर में सौ नंबर हंड्रेड डायल खड़ी रहती है मतलब पुलिस के बीच से भी शातिर चोर दो लोहे के नए दरवाजों को चोरी कर फरार हो गए अगर ऐसी जगहों से चोरियां हो रही है तो



हम आम नागरिक कहां तक सुरक्षित है लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आम नागरिकों में पुलिस के खिलाफ रोष व्याप्त है और लोगों का यह ही कहना है कि आखिर लगातार क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस द्वारा अंकुश न लगा पाना, कहीं ना कहीं पुलिस की लचर व्यवस्थाएं उजागर हो रही हैं क्योंकि चोरों पर कारवाही ना करने या फिर ना पकड़ने से चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और वह क्षेत्र में बेखौफ होकर लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं नागरिकों ने पुलिस से मांग की है कि जल्द से जल्द चोरी की वारदातों पर लगाम लगाए और चोरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाए एवं रात्रि समय में लगातार पुलिस गश्त करें ताकि क्षेत्र में हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लग सके इसके अलावा लोक निर्माण विभाग डिवीजन इंचार्ज एसडीओ एके गोहा द्वारा पीडब्ल्यूडी परिसर प्रांगण में कोई भी प्रकार की समुचित व्यवस्थाएं नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इसके पहले भी यहां पर चोरी की घटनाएं हो चुकी है लेकिन एसडीओ साहिब द्वारा यहां विभाग में पदस्थ इतने कर्मचारियों के बावजूद भी किसी भी कर्मचारी की नाइट में ड्यूटी नहीं लगाई जाती है और वह अपने क्वार्टर में पूरी सेफ्टी के साथ आराम फरमाते हैं जबकि अन्य विभाग में रह रहे छोटे कर्मचारियों के क्वार्टरों में कोई भी समुचित व्यवस्थाएं नहीं है और उन छोटे कर्मचारियों के क्वार्टरों से लगातार चोरी की घटनाएं भी होती रहती है बस साहिब तो अपने क्वार्टर में सेफ्टी के साथ चल रहे निर्माण कार्यों का घर बैठे कमीशन कमाने में जुटे रहते हैं

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम चौखडा, नं.बं. 163, प.ह.नं. 70 बारहा, रा.नि.मं. खम्हरिया, तहसील एवं जिला जबलपुर (म.प्र.) में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 177, कुल रकवा 1.330 हेक्टेयर, भूमिस्वामी राजकुमार पटेल पिता जगदीश प्रसाद पटेल, खसरा नं. 180, कुल रकवा 0.200 हेक्टेयर भूमिस्वामी आशीष कुमार पटेल पिता राजकुमार पटेल दोनों निवासी- रामनगर, रामपुर, शंकर शाह नगर वार्ड, जबलपुर म.प्र. एवं खसरा नं. 178, कुल रकवा 0.400 हेक्टेयर भूमिस्वामी संस्कार एसोसिएट्स कार्यालय प्लाट नं. 1102, टेलिफोन एक्सचेंज के सामने, राईटटाउन, जबलपुर म.प्र. द्वारा पार्टनर राहुल गाला पिता हरीश कुमार गाला है, उसे खरीद करने का सौदा भूमिस्वामियों से तय कर लिया है। अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, फर्म या वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, 07 दिन के बाद की गयी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी, और दस्तावेजों का पंजीयन करा लिया जायेगा। दिनांक 27.02.2023 भवदीय-

**अनुज श्रीवास्तव एड.**
ऑफिस- 01, न्यू डिलाईट कैम्पस, साउथ सिविल लाईस, जबलपुर-7693940043

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा हिरदेपुर, नं.ब. 752, प.ह.नं. 28 (नया हल्का हिरदेपुर), तहसील जबलपुर (वर्तमान तहसील आधारताल), जिला जबलपुर की भूमि खसरा नं. 46 का हिस्सा जिसका नामान्तरण पश्चात् खसरा पी-2 अनुसार खसरा नं. 42/33 एवं 46/9 हो गया है, कुल प्लाट रकबा 25'x60'= 1500 वर्गफुट एवं इस पर निर्मित मकान कारपोरेशन नं. 1477, गुप्तेश्वर मंदिर के सामने, मेन रोड, गिरीराज किशोर कपूर वार्ड, जबलपुर है, उसे खरीद करने का सौदा भूमि स्वामी प्रज्ञा भारती उर्फ लाजवंती पाठक पत्नी श्री रमेश कैथवास, निवासी मकान नं. 1476/1 साई शक्ति सेवा आश्रम, महादेव मंदिर के सामने, गुप्तेश्वर, जबलपुर (म.प्र.) वालो से कर लिया गया है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति, फर्म, या वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से पन्द्रह दिन के अन्दर कार्यालीन समय में मेरे कार्यालय में उपस्थित हों एक फोटो प्रति के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें, पन्द्रह दिन के बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी, और दस्तावेजों का पंजीयन करा लिया जायेगा। जबलपुर दि. 27.02.2023

**मुकेश कुशवाहा (अधिवक्ता)**
965, कबीर मार्ग, नेपियर टाउन, जबलपुर
मो: 9300115987
BK Advt.

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट कल से

## स्टीव स्मिथ करेंगे कंगारू टीम की कप्तानी, जानें दोनों टीमों की पॉसिबल प्लेइंग-11




**इंदौर ईएमएस।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट एक मार्च से इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। 4 मैचों की सीरीज के 2 मैच जीतकर भारत सीरीज में 2-0 से आगे है। तीसरा टेस्ट जीतने के साथ टीम इंडिया लगातार चौथी बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीत लेगी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया इस मैच को जीतकर भारत में 19 सालों में दूसरी जीत दर्ज करना चाहेगा। भारत जहां अपनी फुल स्ट्रेंथ टीम लेकर उतरेगा तो वहीं कंगारू टीम के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया चले गए हैं। उनकी जगह उप कप्तान स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। आगे स्टोरी में हम दोनों टीमों के हेड-टु-हेड रिकॉर्ड, पिच रिपोर्ट, वेदर कंडीशन और सीरीज के टॉप परफॉर्मर पर नजर डालेंगे।

### कमिंस की जगह स्मिथ करेंगे कप्तानी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस पारिवारिक कारणों से ऑस्ट्रेलिया लौट गए। वह तीसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे। उनकी जगह उप कप्तान स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे। टीम मैनेजमेंट कमिंस की जगह मिचेल स्टार्क को टीम में शामिल कर सकती है। भारत में स्टार्क का बॉलिंग रिकॉर्ड तो कुछ खास नहीं है, लेकिन बैटिंग से उन्होंने यहां 4 टेस्ट में 263 से रन बनाए हैं। बॉलिंग से उन्हें इस दौरान 7 ही विकेट मिले।

### भारत में हावी टीम इंडिया

घरेलू मैदान पर टेस्ट में टीम इंडिया हमेशा से शानदार परफॉर्म करती आ रही है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी घर में दोनों के बीच 52 मैच खेले गए। 23 में भारत और 13 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। एक मुकाबला टाई रहा और 15 ड्रॉ रहे। इंदौर में दोनों के बीच कोई टेस्ट मैच नहीं हुआ, लेकिन भारत ने यहां 2 मुकाबले खेले और दोनों में ही जीत हासिल की। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच 104 टेस्ट खेले गए हैं। 32 में भारत और 43 में ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली। एक मुकाबला टाई रहा और 28 ड्रॉ भी रहे।

### पिच रिपोर्ट

इंदौर के होलकर स्टेडियम की पिच बैटिंग फ्रेंडली मानी जाती है। यहां अब तक 2 टेस्ट खेले गए, दोनों में भारत ने पहली पारी में खूब रनाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने 557 और बांग्लादेश के खिलाफ 493 रन बनाए। कीवी टीम 5 और बांग्लादेशी टीम भारत के 6 ही बैटर्स को आउट कर सकी थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ विराट कोहली तो बांग्लादेश के खिलाफ मयंक अग्रवाल ने दोहरा शतक जड़ा था। इंदौर में एक बार फिर बैटिंग फ्रेंडली पिच मिलने की उम्मीद है। जहां शुरुआती 2 दिन बैटर्स को मदद रहेगी, तीसरे दिन से पिच टूटेगी और आखिरी 2 दिनों में स्पिनर्स को बहुत ज्यादा मदद मिल सकती है। एक मार्च को इंदौर में 19 से 33 डिग्री के बीच टेम्परेचर रहेगा। बारिश नहीं होगी और पांचों ही दिन धूप रहेगी। ठंड लगभग खत्म हो चुकी है, ऐसे में तेज गेंदबाजों को सुबह भी मदद मिलने की उम्मीद कम है।

### रोहित सीरीज के टॉप रन स्कोरर

सीरीज के टॉप परफॉर्मर की बात करें तो बॉलर्स ही टॉप पर हैं। लेकिन, सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार बैटिंग की। सीरीज के 2 मैचों में उनके नाम सबसे ज्यादा 183 रन हैं। इनमें एक शतक भी शामिल है। 158 रन के साथ अक्षर पटेल दूसरे स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया से मार्नस लाबुशेन ने सबसे ज्यादा 119 रन बनाए हैं।

### जडेजा-अश्विन से पार नहीं पा सके कंगारू

शुरुआती 2 टेस्ट में भारत के रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन ने कंगारू बैटर्स को खुल कर खेलने नहीं दिया। जडेजा ने सीरीज के 2 मैचों में 17 तो वहीं अश्विन ने 14 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया से इस सीरीज में डेब्यू करने वाले टॉड मर्फी 10 विकेट के साथ टीम के टॉप विकेट टेकर हैं। 8 विकेट के साथ नाथन लायन उनके बाद हैं।

### सीरीज में 2-0 से आगे है भारत

इंदौर में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा। भारत इस वक्त 4 टेस्ट की सीरीज के शुरुआती 2 मैच जीतकर सीरीज में 2-0 से आगे हैं। इंदौर में तीसरा टेस्ट जीतकर भारत सीरीज जीतना चाहेगा। वहीं, ऑस्ट्रेलिया मैच जीतकर भारत में 19 सालों में दूसरा टेस्ट जीतने की उम्मीद कर रहा है। इंदौर टेस्ट के बाद 9 मार्च से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चौथा टेस्ट खेला जाएगा। टेस्ट के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय टीम 3 मैचों की वनडे सीरीज भी खेलेगी। जिसके मैच 17, 19 और 22 मार्च को खेले जाएंगे।

# ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की शादी, महाराष्ट्र के कर्जत में हुई वेडिंग सेरेमनी, पत्नी रितिका के साथ पहुंचे रोहित, श्रेयस ने डांस किया

**मुंबई, एजेंसी।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने गर्लफ्रेंड मिताली पारुलकर से शादी कर ली है। ठाकुर ने सोमवार को महाराष्ट्र के कर्जत में शादी की। रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर और युजवेंद्र चहल की पत्नी धनश्री वर्मा समारोह में शामिल हुए। रोहित के साथ पत्नी रितिका भी पहुंचीं। मुंबई रणजी ट्रॉफी टीम के कोच अभिषेक नायर और कई दूसरे प्लेयर भी शार्दुल के विवाह समारोह में शामिल हुए। इस दौरान शार्दुल के टीममेट श्रेयस अय्यर डीजे की धुन पर डांस करते नजर आए। रोहित और मुंबई टीम के दूसरे प्लेयर्स ने भी संगीत सेरेमनी में डांस किया।



### झिंगाट पर झूमे थे शार्दुल

शार्दुल की हल्दी सेरेमनी 25 फरवरी को हुई थी। 26 को संगीत सेरेमनी के दौरान उन्होंने सैराट फिल्म के च्झिंगाटज गाने पर डांस किया था। संगीत सेरेमनी में श्रेयस अय्यर ने भी डांस किया।

### मराठी रीति-रिवाज से हुई शादी

31 साल के शार्दुल ने मराठी रीति-रिवाज से शादी की। मिताली और शार्दुल मराठी ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आए। ठाकुर परिवार और दोस्तों के साथ डांस करते भी दिखे। इंटरनेट पर दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ उनके फोटोज भी वायरल हुए।

### कौन हैं मिताली?

मिताली बिजनेसवुमन हैं। उन्होंने द बेक्स कंपनी की स्थापना की। ये मुंबई और ठाणे में है। उनकी कंपनी बेकरी आइटम्स सप्लाई करती है। 2020 में मिताली ने ऑल द जैज- लग्जरी बेकर्सज्कंपनी भी खोली थी। इस पर भी बेकरी आइटम्स की बिक्री होती है।

### गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग का प्लान था

रिपोर्ट्स के अनुसार, शार्दुल और मिताली गोवा में डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले थे, लेकिन शार्दुल की क्रिकेट में व्यस्तता के बाद दोनों ने महाराष्ट्र में ही शादी की। शादी में 250 से 300 रिश्तेदारों को ही बुलाया गया। मुंबई में ही रिसेप्शन रखा जाएगा। मिताली ने बताया था कि शार्दुल मुंबई में लीग क्रिकेट खेलने में व्यस्त थे। 24 फरवरी को आखिरी मैच खेलने के बाद 25 को ही वह परिवार के साथ जुड़ सके।

### राहुल, अक्षर ने भी पिछले दिनों की शादी

भारतीय क्रिकेट टीम के तीसरे खिलाड़ी ने पिछले कुछ दिनों में शादी की है। शार्दुल से पहले बैटर केएल राहुल ने 23 जनवरी को बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी संग विवाह किया। राहुल के बाद ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने 26 जनवरी को मेहा पटेल संग सात फेरे लिए थे।

### जनवरी में खेला था शार्दुल ने आखिरी मैच

शार्दुल ने भारत के लिए आखिरी बार वनडे इंटरनेशनल मैच खेला था। ये मैच 24 जनवरी 2023 को भारत में न्यूजीलैंड के खिलाफ हुआ था। शार्दुल ने इस मैच में 45 रन देकर 3 विकेट लिए थे। बैटिंग से 3 रन ही बना सके थे। टीम इंडिया ने यह मैच जीत लिया था। ओवरऑल शार्दुल तीनों ही फॉर्मेट में भारत के लिए डेब्यू कर चुके हैं। 8 टेस्ट में उनके नाम 27, 34 वनडे में 50 और 25 टी-20 में 33 विकेट हैं।

# विनेश फोगाट का योगेश्वर दत्त पर निशाना, कहा WFI से जुड़े विवाद में अध्यक्ष का समर्थन और फैक्ट लीक किए; कमेटी से तुरंत हटाया जाए



**पानीपत, एजेंसी।** भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर कुछ इंटरनेशनल पहलवानों द्वारा लगाए गए शारीरिक शोषण के आरोपों से जुड़े मामले में नया मोड़ आ गया है। इस मामले की जांच के लिए इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन और खेल मंत्रालय की ओर से गठित अलग-अलग जांच कमेटियों में शामिल इंटरनेशनल पहलवान योगेश्वर दत्त की भूमिका पर आरोप लगाने वाले रेसलर्स में शामिल विनेश फोगाट ने सवाल उठाए हैं। विनेश फोगाट ने अपने ट्वीट में सीधे योगेश्वर दत्त का नाम तो नहीं लिया मगर अपरोक्ष रूप से उनका जिक्र करते हुए लिखा कि मामले की जांच कर रही दोनों कमेटियों में शामिल एक मेंबर पहलवानों की यौन उत्पीड़न से जुड़ी शिकायत के तथ्य लीक कर रहा है। ऐसा उन्हें मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है। इसीलिए इस सदस्य को तुरंत जांच कमेटी से हटाया जाना चाहिए। विनेश फोगाट ने अपने ट्वीट में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को टैग भी किया। गौरतलब है कि IOA और खेल मंत्रालय की ओर से बनाई गई दो अलग-अलग कमेटियों की अध्यक्ष नामी बॉक्सर मैरीकॉम हैं। इन दोनों ही कमेटियों में हरियाणा के पहलवान योगेश्वर दत्त शामिल हैं। योगेश्वर पर विनेश फोगाट पहले भी निशाना साध चुकी हैं।

# खिलाड़ी ही नहीं अंपायर्स को भी फिटनेस की चिंता

### होलकर स्टेडियम में रनिंग करते नजर आए रिचर्ड कैटलब्रो, तीसरे टेस्ट में करेंगे अंपायरिंग

**इंदौर, ईएमएस।** क्रिकेट और स्पोर्ट्स में फिटनेस के मायने बहुत है। लेकिन, खिलाड़ियों के साथ मैच ऑफिशियल्स, खासतौर पर अंपायर्स को अपनी फिटनेस पर ध्यान देते कम ही देखा जाता है। वहीं, दूसरी ओर भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच इंदौर के होलकर स्टेडियम में तीसरे मैच से पहले अंपायर रिचर्ड कैटलब्रो रनिंग करते नजर आए। होलकर स्टेडियम से एक वीडियो सामने आया, इसमें इंग्लैंड के अंपायर कैटलब्रो प्रैक्टिस पिच के पास शटल रन करते नजर आए। शटल रन में पिच जितनी दूरी पर बगैर बैट और पैड के करीब 10 बार रनिंग की जाती है। रिचर्ड एक मार्च से इंदौर में शुरू होने वाले भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट में फील्ड अंपायर रहेंगे। ऐसे में उन्हें भी ज्यादा से ज्यादा 5 दिनों के लिए लगातार 7 घंटे तक मैदान पर खड़े रहना पड़ सकता है। 5 दिनों तक अपना स्टैमिना और फिटनेस बनाए रखने के लिए ही रिचर्ड मैदान पर रनिंग करते नजर आए। रिचर्ड दुनिया के सबसे फिट अंपायरों में से भी एक हैं। इंदौर टेस्ट में रिचर्ड के अलावा भारत के नितिन मेनन भी अंपायरिंग करेंगे। नितिन ICC अंपायर्स की एलीट पैनल लिस्ट में हैं। साथ ही वह मूल रूप से इंदौर के ही रहने वाले हैं। 2019 वनडे वर्ल्ड कप में भारत-न्यूजीलैंड मैच के दौरान रिचर्ड कैटलब्रो भी 2 मैदानी अंपायरों में से एक थे।



### करियर का 108वां टेस्ट रहेगा इंदौर मैच

49 साल के रिचर्ड इंग्लैंड में यॉर्कशायर से घरेलू क्रिकेट खेलते थे। 38 साल की उम्र में उन्होंने अंपायरिंग करना शुरू किया। अब तक उन्होंने 51 टी-20 और 145 वनडे में अंपायरिंग की है। इंदौर में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच एक मार्च को अंपायरिंग करने के साथ रिचर्ड 108 टेस्ट में अंपायरिंग कर लेंगे। उन्हें अब तक 107 में से 77 बार फील्ड अंपायरिंग का मौका मिला तो वहीं 30 बार उन्होंने टीवी अंपायर की भूमिका भी निभाई। वह ICC अंपायरों की एलीट पैनल लिस्ट में भी शामिल हैं। उन्हें टी-20 वर्ल्ड कप, वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट में भी अंपायरिंग करने का अनुभव है।

# धनश्री वर्मा मालदीव में कर रहीं छुट्टियां एंजॉय



**फैंस को दिखाई रोमांटिक वेकेशन की झलक, ग्लैमरस अवतार में आईं नजर**

**मुंबई, ईएमएस।** इंडियन क्रिकेटर युजवेंद्र चहल इन दिनों अपनी पत्नी धनश्री वर्मा के साथ मालदीव में छुट्टियां एंजॉय कर रहे हैं। अब हाल ही में धनश्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को इस रोमांटिक वेकेशन की झलक दिखाई है। इस वीडियो में युजवेंद्र और धनश्री के साथ-साथ कुछ और लोग भी नजर आ रहे हैं। वहीं वो युजवेंद्र के साथ डांस करती हुए भी दिखाई दे रही हैं। धनश्री के डांस मूव्स की फैंस भी खूब तारीफ कर रहे हैं। जहां एक ने लिखा, च्धनश्री जितनी सुंदर हैं, उतना ही अच्छा डांस करती हैं।ज वहीं कुछ का कहना है कि युजवेंद्र चहल और धनश्री एक साथ बहुत अच्छे लगते हैं।

# आलिया ने सेल्फी के लिए की खास फोन की डीमांड्र

### यूजर्स बोले- आलिया आईफोन वालों की बेइज्जती कर रही हैं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट को हाल ही में एक इवेंट में स्पॉट किया गया। इस दौरान का एक मजेदार वीडियो सामने आया है, जिसमें वो पैपराजी से सैमसंग का फोन मांगती हुई दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो को देखने के बाद लोगों का कहना है कि आलिया आईफोन वालों की बेइज्जती कर रही हैं।एक शख्स इस वीडियो में पीछे से कह रहा है, हम लोगों को आपके साथ सेल्फी चाहिए। मेरा ही फोन है।ज इसके बाद आलिया कहती हैं, च्सैमसंग किसके पास है? ये सुनते ही कुछ लोग कहते हैं, च्मनोज के पास।ज तो वो जोर-जोर से मनोज को अवाज लगाने लगती हैं, लेकिन मनोज वहां नहीं रहता है। हालांकि थोड़ी देर बाद उन्हें फोन मिल जाता है और वो सबके साथ सेल्फी लेने लगती हैं।

### लोग कर रहे आलिया से तरह-तरह के सवाल

अब आलिया के इस मजेदार वीडियो को देखने के बाद फैंस खूब तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। जहां कुछ ने पूछा, आप सैमसंग फोन ही क्यों मांग रही हैं। उससे क्या करेंगी? कुछ का कहना है कि वो आईफोन वालों की बेइज्जती कर रही हैं। वहीं कई लोग आलिया की खूबसूरती की तारीफ भी कर रहे हैं।आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया जल्द फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके अपोजिट रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। इसके अलावा वो फिल्म जी ले जरा में भी दिखाई देंगी। साथ ही आलिया की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म भी इसी साल रिलीज हो रही है।

# जिम में पसीना बहाते दिखे संजय दत्त

### 63 साल की उम्र में किया इंटेंस वर्कआउट, वीडियो देख फैंस बोले- लगे रहो मुन्ना भाई



**मंबई, ईएमएस।** 63 साल के संजय दत्त बॉलीवुड में बेहतरीन एक्टिंग के अलावा अपनी फिटनेस को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। इसी बीच संजू बाबा ने सोशल मीडिया पर अपना एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह इंटेंस वर्कआउट करते हुए दिखाई दें रहे हैं। इस वीडियो को देख फैंस काफी खुश हुए।

### कहा- हर दिन मजबूत

इस वीडियो में संजय ब्लैक ब्लैक जिम वियर में एक्सरसाइज करते हुए दिखाई दें रहे हैं। इस दौरान बाबा के साथ उनका ट्रेनर नजर आ रहा है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, च्हर दिन मजबूतज, च्हैशटैग दत्तस् द वेज। अब संजू बाबा के फैंस उनका ये वीडियो देख उनसे काफी इंस्पायर हो रहे हैं, और इसी के साथ बाबा की तारीफ भी कर रहे हैं। एक यूजर ने इस वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा,ज इन्होंने साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक नंबर होती है। तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, च्लगे रहो मुन्ना भाईज। इनके अलावा तमाम यूजर्स बाबा के इस वीडियो पर अपना रिएक्शन दें रहे हैं।

### जल्द रिलीज होगी मुन्नाभाई एमबीबीएस 3

बता दें, संजय दत्त की फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस 3 इसी साल रिलीज होने वाली है। इस बात की जानकारी खुद संजू बाबा ने सोशल मीडिया के जरिए दी थी। फिल्म में एक बार फिर संजय दत्त और अरशद वारसी की जोड़ी देखने को मिलेगी। इसके अलावा संजू बाबा पिछले साल, सुपरहिट फिल्म केजीएफ- चैप्टर 2 में नजर आए थे। इसके अलावा संजय ने रणबीर कपूर और वाणी कपूर की फिल्म शमशेरा में क्रूर सिंह का रोल प्ले किया था।

# बायोपिक की अफवाहों के बीच क्रिकेट खेलते नजर आए गांगुली: रणबीर

## ईडन गार्डन पर हुए फ्रेंडली मैच में लिया हिस्सा, दादा ने कहा- रणबीर की खून में है एक्टिंग



**कोलकाता, एजेंसी।** ऐसी खबर आई थीं कि रणबीर कपूर टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली की बायोपिक में उनकी भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि बाद में ये एक अफवाह निकली। अब हाल ही में दोनों को एक साथ क्रिकेट खेलते देखा गया है। रणबीर और गांगुली एक साथ देश के फेमस क्रिकेट स्टेडियम ईडन गार्डन में फ्रेंडली मैच खेलते नजर आए। इस मौके पर सौरव गांगुली ने रणबीर की जमकर तारीफ की है। सौरव गांगुली ने कहा है कि वो रणबीर के फैन हैं और उनकी सभी फिल्में देखते हैं।

### रणबीर की फैमिली में सभी शानदार एक्टर्स हैं..

सौरव गांगुली ने कपूर फैमिली की तारीफ की। उन्होंने कहा, रणबीर एक फेमस और प्रतिभाशाली परिवार से आते हैं। उनके पिता, मां, वो खुद और अब उनकी पत्नी सभी शानदार कलाकार हैं। एक्टिंग इस परिवार के जीन में है। एक्टिंग कोई स्पोर्ट्स नहीं है कि जो एक समय के बाद आकर रुक जाती है। वो (रणबीर) चाहे तो अपनी एक्टिंग की बदौलत पूरी दुनिया को हमेशा एंटरटेन कर सकते हैं।

### सिर्फ रणबीर की वजह से फिल्में याद रहती हैं- सौरव

जब सौरव से पूछा गया कि उन्हें रणबीर कपूर की सबसे अच्छी फिल्म कौन सी लगती है तो उन्होंने च्बर्फीज्का नाम लिया। गांगुली का कहना है रणबीर ने इस फिल्म में शानदार काम किया था। इसके अलावा उन्होंने रणबीर और दीपिका की सुपरहिट फिल्म च्ये जवानी है दीवानीज का भी नाम लिया। सौरव ने कहा, कई ऐसी फिल्में हैं जिसका नाम सिर्फ रणबीर की वजह से याद रहता है। मैं किसी भी फिल्म को उसके बॉक्स ऑफिस नंबर्स से नहीं आंकता। फिल्म कितना कमा रही है या कितने दिन थिएटर्स में चल रही है, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुझे यकीन है ऑडियंस को रणबीर और श्रद्धा की एक्टिंग पसंद आएगी।

### रणबीर के खून में एक्टिंग है- सौरव

सौरव गांगुली ने रणबीर कपूर की तारीफ में कहा, च्मैं रणबीर की तारीफ इसलिए नहीं कर रहा क्योंकि वो यहां मौजूद हैं। वो बहुत अच्छे एक्टर हैं, उनके खून में एक्टिंग है। मैंने उनकी सारी फिल्में देखी है, यहां तक कि पिछली फिल्म ब्रह्मास्त्र भी देखी थी। मैं उनकी अगली फिल्म तू झूठी मैं मक्कार भी देखूंगा। मैं उनको आने वाले समय के लिए शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

## दहला खमरिया, कोई जनहानि नहीं , कई मील दूर तक दिखी बारूद की चिंगारी

# एक्सप्लोसिव डिपो में विस्फोट के साथ बिल्डिंग धाराशायी

### सुरक्षा संस्थानों के 10फायर ब्रिगेड रात पौने तीन बजे से जूझ रहे



जबलपुर यशभारत। आयुध निर्माणी खमरिया के एक्सप्लोसिव डिपो जिसे संक्षिप्त में ईडीके कहा जाता है, में रात पौने तीन बजे टावर नंबर 7 के पास पी-20बिल्डिंग में अचानक भयंकर विस्फोट के साथ आग भड़क गई जिससे पूरी बिल्डिंग धाराशायी होने के बाद जंगल में आग लग गई। खबर लगते ही तमाम अधिकारी फायर ब्रिगेड के साथ दलबल सहित मौके पर भागे।अन्य सुरक्षा संस्थान से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलवाई गई हैं। इन पंक्तियों के लिख जाने तक ओएफके की 6जीसीएफ ,सीओडी ,506आर्मी बेस वर्कशॉप और व्हीएफजे की कुल10गाड़ियां आग से जूझ रही हैं।सूत्रों के अनुसार आग पर नियंत्रण तो पा लिया है। लेकिन ईडीके का जंगल धधक रहा है।आग और न फैले इसका जतन किया जा रहा है।क्योंकि वहां और भी अनेक खतरनाक किस्म के बारूद के साथ जंगल लगा हुआ है। उसी के साथ सीओडी भी लगा है।

आग कैसे लगी अभी तक किसी को समझ नहीं आ रहा है।तमाम अधिकारियों ने फोन बंद कर रखे हैं या उठा नहीं रहे हैं।बताया जाता है कि जलने वाले बारूद की चमक रात में इतनी तेज थी कि कई किलोमीटर दूर से देखी गई।सूत्रों के अनुसार एक्सप्लोसिव डिपो में दूसरी जगह से तैयार होकर आया बारूद और ओएफके में बना विस्फोटक संग्रह करके रखा जाता है।

#### क्या ये कोई साजिश तो नहीं ?

सुबह जिस किसी को ईडीके में आग की जानकारी लगी सबने आश्चर्य व्यक्त किया।क्योंकि उस क्षेत्र में न किसी को जाने की अनुमति है और न रात में वहां कोई रुकता है।पूरा क्षेत्र जंगल से आच्छादित है जहां जंगली जानवर होते हैं।केवल डीएससी के जवान ऊंचे टावरों से निगरानी करते हैं।सन1984 में भी सीओडी में ऐसा ही हादसा हुआ था जहां कई दिन तक आग धधकती रही।बहरहाल फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और तमाम अधिकारी घंटों बीत जाने के बाद मौके पर हैं।

**शहर में जनाधार खो चुकी भाजपा महापौर पर अनर्गल और मिथ्या लगा रही है आरोप**

# 20 वर्षों में भाजपा ने जो नहीं किया कार्य वो 6 माह में महापौर दिखाया

### भाजपा पार्षद दल के सारे आरोप तथ्यहीन ही नहीं बल्की पूर्ण रूप से निराधार है– अन्नू



**जबलपुर, यशभारत। भाजपा पार्षद दल के द्वारा निगम परिसर में आयोजित धरना प्रदर्शन के बारे में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि जो 20 वर्षों में भाजपा ने काम नहीं किया वह काम मात्र माह में हमारे कार्यकाल में हो गया है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा पार्षद दल भाजपा का शहर में अब कोई जनाधार बचा नहीं है।**

संस्कारधानी की जनता जनार्दन कांग्रेस के साथ और कांग्रेस द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो को समर्थन दे रही है जिससे भाजपा बौखलाहट में अपने पाखंड छुपाने तथा संस्कारधानी के सम्मानित नागरिका को अमित करने हेतु अनर्गल और निराधार आरोप लगाकर अपनी 20 वर्षों की नाकामी छिपाने की कोशिश कर रही है। पत्रवार्ता में बताया गया कि महापौर जगत बहादुर सिंह च्अन्नू के द्वारा शहर की जनता जनार्दन को बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने के लिए लगातार 16 घंटे कार्य किया जा रहा है। उनके द्वारा कराये जा रहे कार्यों की बिन्दुवार जानकारी निम्नानुसार है 1. महापौर पद संभालने के कुछ ही घंटे में माँ नर्मदा के सभी तटों को शुद्धिकरण करने की दिशा में प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करते हुए प्रशासन को शीघ्र कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिये गए। जिसके परिपालन में निगम प्रशासन द्वारा 17.50 करोड़ रूपये की राशि के टेण्डर जारी कर एस.टी.पी. प्लांट लगाने की तैयारी तेज गति से की जा रही है। इसके उपरांत नर्मदा नदी में एक बूंद भी प्रदूषित पानी का समावेश नहीं होगा। इस प्रोजेक्ट पर महापौर स्वयं लगातार निगरानी रखे हुए हैं तथा तटों पर पहले से बेहतर ढंग से नियमित साफ–सफाई कराई जा रही है। इस प्रकार भाजपा पार्षद दल का आरोप की नर्मदा शुद्धिकरण के लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है मिथ्य एवं निराधार है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा शहर के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में भी लगातार प्रयास किये जा रहे हैं. इसके लिए बड़े पैमाने पर सभी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों में एलम ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरीन एवं चूना का समय–समय पर खरीदी कर उपयोग किया जा रहा है। इसके साथ–साथ अभी हाल ही में पानी की गणवत्ता की जाँच सदन द्वारा गठित समिति सदस्यों की उपस्थिति में स्टेट पीएचई कार्यालय से कराई गयी थी, जिसमें स्वच्छ पानी परिणाम के रूप में प्रदर्शित हुआ था, अमृत–2 में 350 करोड़ से 1 लाख नए घरों को नर्मदा जल एवं पुराने 1.5 लाख घरों को पहले से ज्यादा नर्मदा जल दिया जाएगा। इस प्रकार भाजपा पार्षद दल का यह आरोप भी की शहर में गया एवं मटमैला पानी की सप्लाई होती है अनर्गल है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि जबलपुर की प्रमुख सड़कें शानदार हो गई है। प्रमुख सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जा चुका तथा शेष बची सड़कों को भी गड्ढा मुक्त करने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। मार्च तक शहर में 200 करोड़ रुपये के विकास कार्य कराये जायेंगे। जहाँ पर जर्जर एवं धूल गुओं की शिकायतें है वे सारे कार्य भारत सरकार एवं राज्य शासन के द्वारा संचालित फ्लाई ओव्हर से संबंधित हैं जहाँ पर निगम प्रशासन का कोई नियंत्रण नहीं है। भाजपा पार्षद दल अपने सरकार के कार्यों पर ही सवाल उठाकर इसी का पात्र बन रहा है। 4. शहरी क्षेत्रों में आम नागरिकों को आवारा पशुओं से राहत प्रदान करने हाँका गैंग बनाई गया है जिसके अंतर्गत प्रतिदिन प्रमुख मार्गो पर गंग लगाकर आवारा पशुओं को पकड़ने का कार्य निरंतर जारी है और ऐसी कोई शिकायत अभी तक प्राप्त नहीं हुई है कि आवारा पशुओं से कोई घटना दुर्घटना एवं किसी को कोई क्षति पहुँची हो और उस पर त्वरित कार्यवाही न की गई हो, आवारा सुअरों को भी पकड़ने की कार्रवाई तेजगति से कराई जा रही है इसके लिए निविदा प्रक्रिया का पालन करते हुए एजेन्सी का निर्धारण किया जा चुका है। अब शहर में 50 प्रतिशत सुअरों की संख्या कम हो गई है। इसी प्रकार आवारा श्यानो को भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत एवं केन्द्रीय मंत्री श्रीमती मेनका गांधी जी की मंशा अनुसार आवारा श्वानों को मारने या शहर के बाहर छो?ने का कोई प्रावधान नहीं है इसलिए उसका बधियाकरण कर डॉग हाउस में पक?कर रखने की कार्रवाई की जा रही है, बधियाकरण के उपरांत इन्हें सुरक्षित उन्हीं स्थानों पर नियमानुसार छोड़ा जाता है जिन स्थानों से बधियाकरण के लिए पकड़कर ले जाया जाता है। इस प्रकार भाजपा पार्षद दल का यह आरोप भी की आवारा पशुओं के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है मिया एवं निराधार है। महपौर ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस प्रकार से संस्कारधानी के नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं में विस्तारीकरण किया जा रहा है उसी प्रकार नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को भी लगातार पदोन्नति, क्रमोन्नति के साथ–साथ अन्य सभी लाभ प्रदान किये जा रहे हैं। यह पहला मौका है कि अधिकारियों कर्मचारियों को हमारे कार्य काल में 1 तारीख को ही वेतन आदि का भुगतान हो रहे हैं, इसी प्रकार अनेकों दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्तियाँ प्रदान की जा चुकी है। नगर निगम के राजस्व विभाग द्वारा प्रस्तुत सभी लीज एवं फ्री होल्ड के प्रकरणों पर महापौर जगत बहादुर सिंह च्अन्नूज्ञ के द्वारा मेयर इन काउंसिल के बैठक में प्रस्ताव मंजूरी कराकर शहर के 250 से अधिक प्रकरणों पर मंजूरी देकर नागरिकों को सौगात दे चुके हैं।

शहर की यातायात को सुगम बनाने तथा

# 8 थाने कप्तानों के इंतजार में टूआई सी सम्हाल रहे कमान



**जबलपुर, यशभारत।** शहर और ग्रामीण के 8 थाने कप्तानों के इंतजार में है। स्थिति यह है कि तालमेल की कमी के चलते थानों में कार्य प्रभावित हो रहा है। जिसके चलते थानों की कमान टूआईसी सम्हाले हुए है।

शहर के आठ थाने इनदिनों टीआई विहीन है। कारण प्रशासनिक है, लेकिन आमजन बढ़ रहे क्राइम के ग्राफ से आतंकित है। चोरी की वारदातों ने जहां लोगों की नाक में दम कर रखा है तो वहीं मर्डर, लूट और किडनैपिंग जैसे गंभीर अपराधों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।

शहर के लार्डगंज, ओमती सहित गोरखपुर घमापुर सहित ग्रामीण थाने पाटन, पनागर, गोसलपुर और मझौली थाने में टीआई फिलहाल पदस्थ नहीं है, इनके स्थान पर एसआई बतौर प्रभारी चार्ज सम्हाले हुए है। यहां लंबे समय से कप्तानों का इंतजार है। टीआईयों की पदस्थापना ना होने से कमान सम्हाल रहे प्रभारी काम के बोझ के तले तनाव में है।

#### बल की कमी

बताया जा रहा है कि पुलिस विभाग में वर्षों बीत जाने के बाद भी बल की भारी कमी है।
यदि ग्रामीण थानों की बात की जाए तो यहां कि स्थिति भी अच्छी नहीं कही जा सकती है। दर्जनों गांवों के बीच एक थाना और वह भी टीआई विहीन, ऐसे में स्टाफ को कार्य करने में ढेरों परेशानियों का सामान भी करना पड़ रहा है।

14 आयुर्वेदिक दर्दनाशक तेलों का मिश्रण
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
कमर, पीठ, गर्दन, जोड़ों एवं घुटने का दर्द, कंधे एवं कूल्हों का दर्द, अंदरूनी चोट, मोच–सूजन, माँसपेशियों में खिंचाव–लचकना, पिंडलियों, पंजों, हड्डियों एवं पसलियों में दर्द, हाथ–पैर में झुनझुनी, कम्पन्न, कमजोरी, जाँघों में दर्द हेतु अत्यंत प्रभावशाली एवं गहराई तक असरकारक...
लकवा रोगियों हेतु अत्यंत लाभदायक
चिपचिपाहट रहित
मामजेसिक
तीव्र दर्दनाशक तेल / क्रीम
व्यावसायिक पूछताछ 9826035091
सभी मेडीकल स्टोर्स में उपलब्ध

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

निःशुल्क - निःशुल्क - निःशुल्क - परामर्श
।। जय भद्रकाली ।।
भद्रकाली ज्योतिष मन्नत धाम पुरवा
YouTube सर्च -मेरे गुरुदेव,भविष्यफल वास्तु, एस्ट्रो विशेषज्ञ
9300347944, 6262590643
कौन सा वास्तु दोष आपकी परेशानी की वजह है

SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
मेडिकल इमरजैंसी में आपके साथ !!
95758 01020
शैल्बी हॉस्पिटल, जबलपुर, अहिंसा चौक, विजयनगर, जबलपुर

हमारे प्रेरणास्त्रोत पत्रकार अरूण शुक्ला
आशीष कंसल्टेंसी
Email-ajayshukla2680@gmail.com
मो. 9425154156, 9826176903
नामांतरण, डायवर्सन, सीमांकन, बटवारा, वसीयतनामा इत्यादि
पता - आशीष ट्रांसपोर्ट बलदेव बाग जबलपुर

केला चिप्स | AK's | चना जोर गरम
रोस्टेड फूड जंक्शन ड्राई फूड
रोस्टेड चना | रोस्टेड पी नट | नमकीन | चिक्की | ड्राई फ्रूट
जनता साईकिल के बाजू में, बड़ी ओमती चौक, जबलपुर मोबा. 7987145201, 9993418910

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. वंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा वंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर 07614038666, 7049079825 9300920067

साई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं साई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
MBBS,MS. (OBS & GYM)
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्टी छुट्टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपरेशन व इलाज की सुविधा

स्व-रोजग़ार का नया अवसर
मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना
ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित
(पात्र युवाओं को मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत वाहन के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराकर प्रदाय केन्द्रों से उचित मूल्य दुकानों तक राशन सामग्री का परिवहन कराने हेतु)
नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री
शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री
आवेदन की अंतिम तिथि 24.03.2023
ऑनलाइन आवेदन हेतु पोर्टल https://samast.mponline.gov.in
आवेदक की अहर्ता
• संबंधित सेक्टर की जनपद पंचायत का मूल निवासी।
• उम्र 18 से 45 वर्ष।
• शैक्षणिक योग्यता- आठवीं कक्षा उत्तीर्ण।
• परिवार की अधिकतम वार्षिक आय रु. 12 लाख।
• हेवी मोटर व्हीकल संचालन हेतु स्थाई वैध लायसेंस धारक।
• बैंक से ऋण प्राप्त करने की पात्रता (डिफाल्टर न हो)।
• शासकीय सेवक और पेंशनर न हो (सेवानिवृत्त सैनिक को पात्रता)।
• आवेदक अन्य स्व-रोजग़ार योजना में लाभांवित न हो।
• अपराधिक प्रवृत्ति एवं पृष्ठभूमि का न हो।
ऋण की स्वीकृति
• हितग्राही को वाहन मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनांतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें निम्नानुसार रियायत दी जाएगी-
• ऋण अवधि 7 वर्ष।
• ब्याज अनुदान- 3% वार्षिक।
• ऋण गारंटी (CGTMSE) शुल्क की वापसी।
• विभाग द्वारा अधिकतम रु. 1.25 लाख प्रति वाहन मार्जिन मनी अनुदान।
• हितग्राही द्वारा रु. 1.25 लाख प्रति वाहन मार्जिन मनी जमा करना होगी।
योजना के मुख्य प्रावधान
• बैंक के माध्यम से अधिकतम राशि रु. 25 लाख की कीमत के वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे।
• हितग्राही को 7.5 मे.टन क्षमता का वाहन क्रय करना होगा।
• खाद्यान्न मात्रा एवं दूरी अनुसार रु. 45 से 65 प्रति क्विंटल परिवहन एवं हैण्डलिंग व्यय देय।
• अन्य योजना के खाद्यान्न/शक्कर/नमक के परिवहन पर विभाग द्वारा निर्धारित परिवहन व्यय का भुगतान।
• सेक्टरवार परिवहन एवं हैण्डलिंग दरें पोर्टल पर उपलब्ध।
• विभाग द्वारा सूचीबद्ध वाहनों में से हितग्राही द्वारा वाहन का चयन।
• राशन सामग्री के परिवहन हेतु हितग्राही से 7 वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।
• शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु वाहनों पर प्रदर्शन।
योजना के संबंध में जानकारी विभाग के पोर्टल https://food.mp.gov.in एवं https://samast.mponline.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट/पोर्टल पर ही जारी किए जाएंगे, इसका पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा। आवेदन स्वीकृत या अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार जिला कलेक्टर के पास सुरक्षित है। योजना के संबंध में जानकारी कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) एवं राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 0755-2551471 पर प्राप्त की जा सकेगी।
संचालक - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण
"घ" खण्ड, प्रथम तल, विन्ध्याचल भवन, भोपाल (मध्यप्रदेश)
D-11239

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)